बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

<u>चीनी उत्पादकों के लिए गैर-बाजार अर्थव्यवस्था स्तर</u>

49. डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमावली के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला

डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(iii) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के संगत प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(iv) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(v) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा , आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार

अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

50. यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15 (क) (ii) में निहित प्राधान 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि, अभिगम नयाचार के 15(क)(i) के तहत दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधानों में बाजार अर्थव्यवस्था स्तर का दावा करने के संबंध में पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने के लिए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड पूरा करने की आवश्यकता होती है।

51. तदनुसार, चीन जन.गण. से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

I <u>चीन जन.गण.</u>

क. <u>सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

52. प्राधिकारी चीन जन.गण. में उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और पैरा 8 के तहत प्रावधानों को नोट करते हैं।

53. जांच शुरुआत अधिसूचना में, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था देश मानने की धारणा के साथ कार्यवाही की जांच शुरुआत करने पर, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को जांच की शुरुआत की सूचना का उत्तर देने और इस बारे में सूचना प्रदान करने की सलाह दी कि क्या उनके आंकड़ों/सूचना को सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए अपनाया जा सकता है। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत सूचना प्रदान करने के लिए चीन जन.गण. में सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार/पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं। यह नोट किया जाता है कि चीन जन.गण. के किसी भी उत्तरदाता उत्पादक और निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था प्रश्नावली का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

54. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 में गैर-बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य की गणना के लिए कई संभावित तरीकों का प्रावधान है, जिसमें (क)

बाजार अर्थव्यवस्था तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर शामिल है; (ख) ऐसे तीसरे देश से अन्य देश, भारत सहित; और (ग) किसी अन्य उचित आधार पर, जिसमें उचित लाभ शामिल करने के लिए विधिवत समायोजित, यदि आवश्यक हो, भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तव में भुगतान की गई देय कीमत। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अनुबंध 7 के तहत दिए गए विभिन्न क्रमिक विकल्पों को ध्यान में रखते हुए सामान्य मूल्य निर्धारित करने की आवश्यकता है।

55. बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर सामान्य मूल्य पर विचार करने के लिए पक्षकारों द्वारा कोई सूचना प्रदान नहीं की गई है। इस प्रकार, सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में प्रचलित कीमत के आधार पर नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, अन्य देशों में आयात की कीमत पर विचार नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसमें कई पीसीएन शामिल हैं और उत्पाद का लेनदेन विभिन्न कोडों के तहत किया जा रहा है। जहां तक भारत में आयात का संबंध है, यह देखा जाता है कि जांच की अवधि में संबद्ध सामानों के अधिकांश आयात संबद्ध देशों से देश में आ रहे हैं। इस प्रकार, भारत सहित अन्य देशों में बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से आयात को सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नहीं माना जा सकता है।

56. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी के समक्ष उपरोक्त सूचना/साक्ष्य के अभाव में, प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध-I के पैरा 7 में निर्धारित किए गए अनुसार "भारत में वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत सहित किसी भी अन्य उचित आधार" के आधार पर चीन जन.गण. से सभी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। इसलिए, सामान्य मूल्य की गणना घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत के आधार पर उचित रूप से समायोजित की जानी है, जिसमें उचित बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और उचित लाभ इसके अतिरिक्त शामिल हैं। चीनी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्धारित किया जाने वाला सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ख. <u>निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

i. ग्रेंजेस एल्युमीनियम (संघाई) लिमिटेड

57. चीन से मेसर्स ग्रेन्जेस एल्युमिनियम (शंघाई) लिमिटेड एक उत्पादक/निर्यातक है और उसने दावा किया है कि उसने जांच की अवधि के दौरान भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया था। प्राधिकारी ने निर्यातक के दावे को डीजी सिस्टम से आयात आंकड़ों के साथ सत्यापित किया है, और तदनुसार, इस निर्यातक के लिए कोई निर्यात कीमत निर्धारित नहीं है।

ii. मेसर्स जिआंग्सू फेंगयुआन एल्युमिनियम मस्टर फेंगयुआन टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड
मेसर्स पेई शियान फेंगयुआन इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट ट्रेड व्यापार कंपनी लिमिटेड

58. मेसर्स जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमिनियम मस्टर फेंगयुआन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड ("जियांग्सू फेंगयुआन") संबद्ध सामानों का एक उत्पादक और निर्यातक है, और जांच की अवधि के दौरान अपनी संबद्ध कंपनी, पेई शियान फेंगयुआन इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट ट्रेड कंपनी लिमिटेड ("पेई शियान") के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध सामानों के *** एमटी का निर्यात किया है। जियांग्सू फेंगयुआन और पेई शियान ने निर्धारित निर्यातकों के प्रश्नावली प्रारूप में संगत सूचना प्रदान की है।

59. प्राधिकारी ने उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्रश्नावली के उत्तर में दिए गए निर्यात के विवरण की जांच की है। भारतीय ग्राहकों को सभी बिक्री केवल सीआईएफ आधार पर होती है। जियांग्सू फेंगयुआन और पेई शियान ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय माल भाड़ा के कारण समायोजन का दावा किया है, जिस पर प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन करने के बाद विचार किया गया है। जिआंग्सू फेंगयुआन और पेई शियान के लिए कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित की गई है और नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

iii. मेसर्स जिआंग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कं, लिमिटेड

60. मेसर्स जिआंग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड ("जिआंग्सू झोंगजी") चीन जन.गण. में संबद्ध सामानों का एक उत्पादक है और भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे संबद्ध सामानों के *** एमटी का निर्यात किया है। जियांग्सू झोंगजी के दो

संबद्ध पक्षकार हैं, अर्थात्, अनहुई झोंगजी बैटरी फ़ॉइल साइंस एंड टेक कंपनी लिमिटेड ("अनहुई झोंगजी") और जियांग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कंपनी, (एचके) लिमिटेड ("झोंगजी एचके")। केवल जिआंग्सू झोंगजी ने निर्धारित निर्यातकों के प्रश्नावली प्रारूप में संगत सूचना प्रदान की है क्योंकि उसने दावा किया है कि अनहुई झोंगजी और झोंगजी एचके उत्पादन में शामिल नहीं थे और जांच की अवधि में भारत को 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल का निर्यात नहीं किया है।

61. जियांग्सू झोंग्जी ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबद्ध खर्चों, बिक्री कमीशन, बैंक शुल्क, पैकिंग लागत और क्रेडिट लागत के निमित्त समायोजनों का दावा किया है, जिस पर प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन करने के बाद विचार किया गया है। निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

iv. मेसर्स शंघाई सनहो एल्युमिनियम फॉयल कं, लिमिटेड

62. मेसर्स शंघाई सनहो एल्युमिनियम फॉइल कंपनी लिमिटेड ("शंघाई सनहो") संबद्ध सामानों का एक उत्पादक है और इसने भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे विचाराधीन उत्पाद के *** एमटी का निर्यात किया है। अपने घरेलू बाजार में, शंघाई सनहो ने संबद्ध कंपनी सनहो न्यू मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड ("सनहो न्यू मैटेरियल्स") द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद को शंघाई सनहो न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड ("शंघाई सनहो न्यू मैटेरियल्स") को भी बेचा है जो विचाराधीन उत्पाद की पुन:बिक्री में शामिल थी। केवल शंघाई सनहो ने निर्धारित निर्यातकों के प्रश्नावली प्रारूप में संगत सूचना प्रदान की है क्योंकि उसने दावा किया है कि सनहो न्यू मैटेरियल्स और शंघाई सनहो न्यू मैटेरियल्स केवल घरेलू बाजार की बिक्री में शामिल थी।

63. प्राधिकारी ने उत्पादक/निर्यातक द्वारा भरे गए प्रश्नावली में दिए गए निर्यात के विवरण की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान, शंघाई सुनहो ने भारत में सीधे असंबद्ध ग्राहकों को संबद्ध सामानों के *** एमटी का उत्पादन और निर्यात किया है। उत्तरदाता उत्पादक/निर्यातक ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पैकिंग लागत, बंदरगाह और अन्य संबद्ध खर्चों और क्रेडिट लागत के निमित्त

समायोजनों का दावा किया है, जिनकी प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन करने के बाद अनुमति दे दही है। निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

II. <u>थाइलैंड</u>

i. मैसर्स लॉफ्टन (थाईलैंड) कं, लिमिटेड

क. सामान्य मूल्य

64. मेसर्स लॉफ्टन (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड ने निर्धारित निर्यातक प्रश्नावली प्रारूप में सूचना प्रदान की है। उत्तर से यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान कंपनी ने घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों की बिक्री नहीं की है। इस मामले के तथ्यात्मक मैट्रिक्स को देखते हुए, सामान्य मूल्य धारा 9क (ग) (ii) (ख) के अनुसार निर्धारित किया गया था। जो इस प्रकार है:

> *"(ख) मूल देश में उक्त वस्तु के उत्पादन की लागत, प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागतों के साथ-साथ इसके लिए उचित अतिरिक्त लागत, जैसा कि उप-धारा (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्धारित किया गया है।"*

65. तदनुसार, मेसर्स लोफ्टन (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (थाईलैंड) के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ख. निर्यात कीमत

66. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान, उत्पादक ने सीधे *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। निर्यातकर्ता/उत्पादक ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय माल भाड़ा, बंदरगाह सार-संभाल व्यय, बैंक शुल्क, कमीशन और अन्य शुल्क के प्रति समायोजन का दावा किया है, जिसे कारखानागत निर्यात कीमत निकालने के लिए डेस्क सत्यापन करने के बाद स्वीकार किया गया है। इस प्रकार, लॉफ्टन के लिए निर्धारित निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ii. <u>मेसर्स डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कंपनी, लिमिटेड</u>

क. सामान्य मूल्य

67. मेसर्स डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड ("डिंगहेंग") ने सीधे भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। डिंगहेंग चीन और थाईलैंड की निम्नलिखित कंपनियों से संबद्ध है जो विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री में लगी हुई हैं:

क. जियांग्सु डिंगशेंग न्यू मैटेरियल्स जॉइंट-स्टॉक कं, लिमिटेड ("जियांग्सु डिंगशेंग")

ख. हैंग्जो फाइव स्टार एल्युमिनियम कं, लिमिटेड ("हैंग्जो फाइव स्टार")

ग. इनर मंगोलिया लियान शेंग न्यू एनर्जी मटेरियल कं, लिमिटेड ("इनर मंगोलिया लियान शेंग"),

घ. हैंग्जो डिंगशेंग आयात और निर्यात कंपनी लिमिटेड ("डिंगशेंग आईई"),

ड. डिंगशेंग एल्युमिनियम इंडस्ट्रीज (हांगकांग) ट्रेडिंग कंपनी, लिमिटेड ("डिंगशेंग एचके"),

68. डिंगहेंग थाईलैंड ने निर्धारित निर्यातकों के प्रश्नावली प्रारूप में संगत सूचना प्रदान की है। यह नोट किया जाता है कि मूल जांच में, डिंगहेंग थाईलैंड और थाई डिंग ली न्यू मैटेरियल्स कं, लिमिटेड ("टीडीएल") दोनों ने अलग-अलग निर्यातक प्रश्नावली दायर की। तथापि, वर्तमान जांच में यह दावा किया गया है कि टीडीएल ने विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन बंद कर दिया है।

69. यह नोट किया जाता है कि डिंगहेंग ने घरेलू बाजार में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे संबद्ध सामानों की बहुत कम मात्रा बेची है। घरेलू बाजार में डिंगहेंग द्वारा की गई बिक्री (*** एमटी) भारत को कुल निर्यात के ***% से कम है और तदनुसार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए पर्याप्तता परीक्षण को पूरा नहीं करती है। इसलिए, प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए इन घरेलू बिक्री पर विचार नहीं किया है। इस मामले की वास्तविक मैट्रिक्स को देखते हुए, धारा 9क (ग) (ii) (ख) के संदर्भ में सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है। जो इस प्रकार है:

> *"(ख) मूल देश में उक्त वस्तु के उत्पादन की लागत, प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागतों के साथ-साथ इसके लिए उचित अतिरिक्त लागत, जैसा कि उप-धारा (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्धारित किया गया है।"*

70. तदनुसार, मेसर्स डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

ख. निर्यात कीमत

71. जांच की अवधि के दौरान, डिंगहेंग ने भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। डिंगहेंग ने भारत में असंबद्ध ग्राहकों को सीधे *** संबद्ध सामानों का निर्यात किया है।

72. डिंगहेंग ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय माल भाड़ा, बंदरगाह और अन्य संबद्ध खर्चों, क्रेडिट लागत और बैंक शुल्क के निमित्त समायोजन का दावा किया है, और डेस्क सत्यापन करने के बाद इसे स्वीकार कर लिया गया है। निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

चीन और थाईलैंड के सभी असहयोगी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

73. चीन और थाईलैंड से सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य नियमावली के नियम 6(8) के संदर्भ में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

चीन और थाइलैंड के सभी असहयोगी उत्पादकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

74. चीन और थाईलैंड से अन्य असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। निर्धारित निर्यात कीमत नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

III. इंडोनेशिया

इंडोनेशिया के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

75. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इंडोनेशिया के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। इस प्रकार, सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

इंडोनेशिया के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

76. इंडोनेशिया के किसी भी उत्पादक के सहयोग के अभाव में, प्राधिकारी ने समुद्री माल भाड़ा, बीमा, कमीशन, बंदरगाह व्यय और अंतर्देशीय माल भाड़ा शुल्क के उचित समायोजन के बाद डीजी सिस्टम आयात आंकड़ों के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित की है ताकि कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकाली जा सके। तदनुसार, इंडोनेशिया से निर्यात पर कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत की गणना की गई है। निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

IV. मलेशिया

मलेशिया के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

77. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मलेशिया के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। इस प्रकार, सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

मलेशिया के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

78. मलेशिया के किसी भी उत्पादक के सहयोग के अभाव में, प्राधिकारी ने समुद्री मालभाड़ा, बीमा, कमीशन, बंदरगाह व्यय और अंतर्देशीय मालभाड़ा शुल्क के उचित समायोजन के बाद डीजी सिस्टम आयात आंकड़ों के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित की है ताकि कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत निकाली जा सके। तदनुसार, मलेशिया से निवल निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। निर्धारित निवल निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

पाटन मार्जिन

79. उपर्युक्त निर्धारित सामान्य मूल्यों और निर्यात कीमतों को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी द्वारा संबद्ध देशों के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र.सं.	विवरण	यूओएम			पाटन मार्जिन

गैर-गोपनीय

			(सामान्य मूल्य डॉ./एमटी)	(निवल निर्यात कीमत डॉ./एमटी)	(डॉ./ एमटी)	(%)	रेंज
क	**चीन**						
1	जियांग्सु फेंगयुआन एल्युमिनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कं. लि	डॉ./एमटी	***	***	***	***	15-25%
2	शंघाई सुनहो एल्युमिनियम फ़ॉइल कंपनी लिमिटेड।	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20%
3	जियांग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड	डॉ./एमटी	***	***	***	***	25-35%
4	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	25-35%
	थाईलैंड						
1	लोफ्टन (थाईलैंड) कं. लिमिटेड	डॉ./एमटी	***	***	***	***	25-35%
2	डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड	डॉ./एमटी	***	***	***	***	0-10%
3	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	45-55%
ग	**इंडोनेशिया**						
1	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	40-50%
घ	**मलेशिया**						
1	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	0-10%

ज. <u>क्षति की जांच और कारणात्मक संपर्क</u>

ज.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

80. क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. संबद्ध देशों से आयात में 64% की गिरावट आई है और चीन से आयात में 88% की गिरावट आई है, जबकि भारतीय मांग में काफी वृद्धि हुई है। तथाकथित क्षति का कोई आधार नहीं है।

ख. आधार वर्ष के दौरान घरेलू उद्योग की निर्यात क्षमता उच्चतम स्तर पर थी, जब संबद्ध देशों से आयात भी उच्चतम स्तर पर था। तथापि, थाईलैंड से आयातों में गिरावट होने पर घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई। इससे कारणात्मक विवरण भंग हो जाता है।

ग. क्षति की अवधि के दौरान कीमत कटौती 10-20% की समान सीमा में बनी रही, जिसमें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में 14% से अधिक की वृद्धि हुई, जबकि बिक्री कीमत में 3% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, आयात द्वारा बढ़ती या तीव्र कीमत कटौती का कोई साक्ष्य नहीं है।

घ. थाईलैंड भारत की अधिमान्य व्यवस्था और पहुंच मूल्य के तहत रियायती सीमा शुल्क लेता है, इसे पाटन के बराबर नहीं किया जा सकता। थाई निर्यातों से कोई भी प्रतिस्पर्धात्मकता, यदि कोई है, अधिमान्य व्यवहार के कारण उत्तम होनी चाहिए।

ड. घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड सकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं।

च. घरेलू उत्पादन के संबद्ध आयातों द्वारा विस्थापन का कोई साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है।

छ. प्रतिकूल वित्तीय तस्वीर नए उत्पादकों के जुड़ने के कारण है।

ज. डिंगहेंग और सुनहो की उत्पादन क्षमता 2022 से अपरिवर्तित रही है, और क्षति की अवधि के दौरान क्षमता उपयोग भी उच्च रहा है।

झ. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की प्रति यूनिट पीबीडीआईटी, पीबीडीआईटी प्रति यूनिट, नकद लाभ और प्रति यूनिट नकद लाभ सकारात्मक रहते हैं।

ञ. जांच की अवधि में ब्याज और मूल्यह्रास लागत में तीव्र वृद्धि के लिए लेखांकन के बाद ही हानियों में उतार-चढ़ाव होता है।

ट. निवल स्थायी संपत्तियां और औसत नियोजित पूंजी में काफी वृद्धि हुई है। इसलिए, घरेलू उद्योग ब्याज और मूल्यह्रास से पहले लाभप्रद बना हुआ है।

ठ. घरेलू उद्योग को उच्च वित्त लागत और क्षमता विस्तार और पूंजी निवेश से उत्पन्न मूल्यह्रास के कारण क्षति हुई, न कि संबद्ध आयात से। इसलिए, घरेलू उद्योग आयात के कारण क्षति नहीं झेल रहा है, बल्कि इस पर क्षमता विस्तार के कारण उच्च निर्धारित लागत से बहुत बड़ा है।

ड. प्राधिकारी की परिपाटी के अनुसार, प्राधिकारी सकल अचल परिसंपत्तियों पर 22% आरओसी की अनुमति देते हैं, जो पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के तहत अत्यधिक बढ़ा हुआ और अनुचित है।

ढ. याचिका का पर्याप्त हिस्सा चीन से संबद्ध क्षमता, निर्यात अभिविन्यास, व्यापार उपचार, परिहार दावों और निवेश पर आधारित है, जिन्हें यांत्रिक रूप से थाईलैंड पर लागू नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनमें से कोई भी कारक यह सिद्ध नहीं करता है कि थाई निर्यात पाटन या शुल्क समाप्ति के बाद क्षतिकारक होगा।

ज.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

81. क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. जांच की अवधि सहित क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की मांग में लगातार वृद्धि हुई है।

ख. भारत में उत्पादन और खपत दोनों के संबंध में आयात काफी बने हुए हैं।

ग. 2015 से, मौजूदा और नए उत्पादकों की क्षमताओं में वृद्धि हुई है। भारतीय उत्पादकों के पास भारतीय मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है, और इतनी काफी मात्रा में आयात की आवश्यकता नहीं है।

घ. संबद्ध देशों से आयात का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग के बिक्री मूल्य से कम है और घरेलू उद्योग की कीमतों को काफी कम कर रहा है।

ड. थाईलैंड और चीन से भारित औसत कीमत में कटौती सकारात्मक और काफी है।

च. थाईलैंड से पीसीएन-वार कीमत कटौती पाटनरोधी शुल्क जोड़ने के बाद भी सकारात्मक है।

छ. क्षति की अवधि में, बिक्री की लागत और बिक्री कीमत, दोनों में वृद्धि हुई। तथापि, बिक्री की लागत में वृद्धि बिक्री कीमत में वृद्धि की तुलना में बहुत अधिक है और इससे घरेलू उद्योग की कीमतों पर काफी न्यूनीकरण प्रभाव पड़ा है।

ज. क्षति की अवधि में स्थापित क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। तथापि, देश में पर्याप्त मांग के बावजूद घरेलू उद्योग के साथ काफी क्षमता अप्रयुक्त पड़ी है।

झ. जांच की अवधि में, यदि आवेदकों ने आयात के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए अपनी कीमतें कम नहीं की होतीं, तो उत्पादन, उपयोग और परिणामस्वरूप बिक्री के इन प्रवृत्तियों का बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा होता। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को अपने उत्पादन और बिक्री को इष्टतम स्तर तक बढ़ाने से रोका गया है।

ञ. घरेलू उद्योग और भारतीय उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में क्षति की अवधि में वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नए उत्पादक बाजार में आ रहे हैं। भारतीय उद्योग बाजार में अपनी हिस्सेदारी को और बढ़ा सकता था, तथापि आयात बाजार में महत्वपूर्ण उपस्थिति बनाए हुए हैं।

ट. अन्य देशों से आयात मूल जांच में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी के लिए जिम्मेदार था, जो मूल जांच की जांचावधि के दौरान कुल आयात का लगभग 23% था। तथापि, नए घरेलू उत्पादकों के उभरने से, ऐसे उचित कीमत वाले आयात की हिस्सेदारी काफी घटकर लगभग 6% रह गई है। इसके अलावा, पाटित आयातों की निरंतर मौजूदगी के कारण अन्य देशों के निर्यातकों के लिए भारतीय बाजार कम आकर्षक हो गया है।

ठ. घरेलू उद्योग कह लाभप्रदता में 2023-24 में क्षति की अवधि में गिरावट आई और नकारात्मक हो गई। चीन से आयात में काफी वृद्धि हुई और चीन और थाईलैंड से आयात कीमत में भारी गिरावट आई जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई। जांच की अवधि में आयात में और वृद्धि हुई।

ड. नकद लाभ और घरेलू उद्योग द्वारा नियोजित पूंजी पर आय भी क्षति की अवधि में कम हो गई है। जांच की अवधि में निवेश पर आय मुश्किल से ***% पर सकारात्मक है।

ढ. कंपनी विशिष्ट सूचना प्राधिकारी के पास रिकॉर्ड में है जो दिखाएगा कि पूर्व-मौजूदा कंपनियां भी क्षति का सामना कर रही हैं और क्षति की अवधि में उनका निष्पादन घट गया है।

ण. यह नोट किया जाना चाहिए कि उच्च ब्याज, या मूल्यह्रास लागत घरेलू उद्योग की ओर से किसी अक्षमता का संकेत नहीं देती है। यह केवल एक व्यावसायिक वास्तविकता है।

त. संबद्ध देशों से कम कीमत वाले आयात के कारण मात्रा और कीमत दोनों मापदंडों के संदर्भ में घरेलू उद्योग की वृद्धि जांच की अवधि में प्रतिकूल रही है।

थ. जांच की अवधि में कीमत मापदंडों के संबंध में मात्रा मापदंडों के संदर्भ में घरेलू उद्योग की वृद्धि प्रतिकूल और नकारात्मक थी।

द. पाटन मार्जिन न केवल निम्न स्तर से अधिक हैं, बल्कि काफी भी हैं।

ध. आयात के कारण कीमतों में कटौती हो रही है। परिणामस्वरूप, आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है।

न. कीमतों कटौती बाजार में कीमतों पर ह्रासमान प्रभाव डाल रही है।

प. बाजार में कीमतों पर न्यूनीकरण प्रभाव से काफी वित्तीय हानिया हो रही हैं, नकद लाभ और निवेश पर आय में गिरावट आ रही है।

फ. मांग-आपूर्ति अंतर से अधिक आयात में काफी वृद्धि हुई। इससे देश में उत्पादन क्षमताओं के उपयोग को रोका गया है।

ब. तीसरे देशों से आयात की कीमतें अधिक हैं या मात्रा में नगण्य हैं और इस प्रकार घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हो रही है।

भ. घरेलू उद्योग ने सुनवाई के बाद 30 अप्रैल को देश-विशिष्ट आंकड़े परिचालित किए।

म. क्षति की अवधि में उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है।

य. प्रदान की गई क्षति की सूचना केवल विचाराधीन उत्पाद के निष्पादन से संबंधित है और वर्तमान उद्देश्य के लिए एकमात्र संगत सूचना है।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

82. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में"... *पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..."* घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा काफी कीमत कटौती की गई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास हुआ है अथवा कीमत में वृद्धि रुकी है, जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर विचार पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है। नियम 23 के अनुसार,यदि घरेलू उद्योग का निष्पादन यह दर्शाता है कि उसे वर्तमान क्षति अवधि में कोई क्षति नहीं हुई है, तो प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि क्या वर्तमान शुल्क समाप्त करने से घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहने या बार-बार होने की संभावना हे।

83. घरेलू उद्योग ने आरोप लगाया है कि उसे पाटित संबद्ध आयातों के कारण वास्तविक क्षति हो रही है। प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर ध्यान दिया है और इसके तहत नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है।

ज.3.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क) मांग/स्पष्ट खपत का आकलन

84. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए, भारत में संबद्ध सामानों की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात की राशि के रूप में परिभाषित किया है। विचाराधीन उत्पाद की मांग निम्नानुसार है:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**जांच की अवधि**
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	39,579	42,531	55,097	67,425
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*107*	*139*	*170*
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	45,216	35,393	47,747	50,793
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*78*	*106*	*112*
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	43,899	42,324	24,719	14,751
थाइलैंड	एमटी	26,973	36,448	24,639	13,724
मलेशिया	एमटी	221	8	12	44
इंडोनेशिया	एमटी	1,456	36	19	73
5.5 माइक्रो से कम चीन	एमटी	15,249	5,831	49	909
अन्य देश *	एमटी	33944	49334	69174	78541
कुल आयात	एमटी	77,842	91,658	93,893	93,292
कुल भारतीय मांग	एमटी	1,62,637	1,69,582	1,96,736	2,11,511
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*104*	*121*	*130*

* नोट: अन्य देशों से आयात में चीन जन.गण. से *5.5* माइक्रोन से अधिक की एल्यूमीनियम फॉइल का आयात शामिल है

85. यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति की अवधि में लगातार बढ़ी है।

ख) निरपेक्ष और सापेक्षिक रूप से आयात

86. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित आयातों में, या तो पूर्ण रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध

में, काफी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजन के लिए, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से लेनदेन-वार आंकड़ों पर भरोसा किया है। प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों के अंतिम विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन के आधार पर आंकड़ों पर विचार किया है। क्षति अवधि और जांच की अवधि में पूर्ण रूप से और सापेक्षिक रूप से आयात की मात्रा की सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	43,899	42,324	24,719	14,751
थाईलैंड	एमटी	26,973	36,448	24,639	13,724
मलेशिया	एमटी	221	8	12	44
इंडोनेशिया	एमटी	1,456	36	19	73
5.5 माइक्रोन से कम चीन	एमटी	15,249	5,831	49	909
अन्य देशों से आयात *	एमटी	33,944	49,334	69,174	78,541
कुल आयात	एमटी	77,842	91,658	93,893	93,292
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	39,579	42,531	55,097	67,425
भारतीय उत्पादन	एमटी	1,03,902	1,18,493	1,23,212	1,53,311
भारतीय मांग	एमटी	1,62,637	1,69,582	1,96,736	2,11,511
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	45,216	35,393	47,747	50,793
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध आयात					
भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
रेंज		*100*	*86*	*48*	*24*
भारतीय मांग	%	***	***	***	***
रेंज		*100*	*93*	*48*	*26*

*नोट: अन्य देशों से आयात में चीन जन.गण. से 5.5 माइक्रोन से अधिक का एल्यूमीनियम फॉइल का आयात शामिल है

87. यह देखा गया है कि:

क. क्षति की अवधि में संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई है। तथापि,यह नोट किया जाता है कि थाईलैंड से आयात काफी रहे है। यह भी नोट किया जाता है कि इस तथ्य के बावजूद कि भारतीय उद्योग अधिशेष क्षमताएं रखता है जो

अप्रयुक्त पड़ी हैं और कई नए उत्पादक बाजार में प्रवेश कर चुके हैं, फिर भी थाईलैंड से आयात काफी हैं।

ख. मलेशिया से आयात आधार वर्ष से लेकर 2022-23 तक काफी कम हुए हैं, उसके बाद जांच की अवधि तक आंशिक रूप से बढ़े हैं।

ग. इंडोनेशिया से आयातों में काफी गिरावट आई है और आधार वर्ष से निरंतर गिरावट है तथा जांच की अवधि में केवल 73 एमटी हैं।

घ. भारतीय उत्पादन और खपत दोनों के संबंध में संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई है।

ज. 3.3 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

88. नियमावली के अनुबंध-II (ii) के संदर्भ में,पाटित आयातों की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में,प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की तुलना में कीमतों में काफी कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को दबाना या मूल्य वृद्धि रोकना है, जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में हुई होती।

क कीमत कटौती

89. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहा है, क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना करके कीमत कटौती निकाली गई है। इस प्रयोजन के लिए,प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न प्रकारों की कीमतों में काफी अंतर है। अत:, प्राधिकारी ने आयात की पहुंच कीमत की तुलना तुलनीय प्रकारों के लिए घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से की है। इस प्रकार,संबद्ध आयात मात्रा पर विचार करने के बाद भारित औसत कीमत कटौती निर्धारित की गई है। इस तुलना से पता चला कि जांच की अवधि के दौरान, थाईलैंड और इंडोनेशिया से आयातित संबद्ध सामाना घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि थाईलैंड और इंडोनेशिया से संबद्ध सामानों के आयात से घरेलू कीमतों में कटौती हो रही थी और नीचे दी गई तालिका के अनुसार कटौती का मार्जिन दिखाया गया है:

विवरण	यूओएम	थाईलैंड	मलेशिया	इंडोनेशिया	चीन जन.गण. (5.5	समग्र रूप से संबद्ध देश

					माइक्रोन्स से कम)	
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***	***
पहुंच कीमत	रु./एमटी	3,09,784	4,11,807	2,92,634	3,87,760	3,14,809
कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***	***
रेंज	%	10-20	Negative	20-30	Negative	10-20

ख. कीमत ह्रास अथवा न्यूनीकरण

90. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे है और क्या इस तरह के आयात का प्रभाव कीमतों का काफी हद तक ह्रास कर रहा है अथवा कीमतों में वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, क्षति की अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तन की तुलना नीचे दी गई है।

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*115*	*111*	*114*
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*110*	*94*	*103*
पहुंच मूल्य	रु./एमटी	3,28,331	3,93,559	2,92,614	3,14,812
	सूचीबद्ध	*100*	*120*	*89*	*96*

91. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और बिक्री कीमत में क्षति की अवधि में वृद्धि हुई है। बिक्री कीमत में वृद्धि लागत में वृद्धि के अनुपात में नहीं है, जिससे पता चलता है कि लागत में वृद्धि को कीमत वृद्धि में नहीं लगाया गया था। घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत 2023-24 से बिक्री की लागत के स्तर से नीचे है जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। इस प्रकार,प्राधिकारी निश्चित करते है कि देश में पातित आयातों की मौजूदगी से कीमतह्रास हुआ है।

ज. 3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर परिणामी प्रभाव

92. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुनिष्ठ जांच शामिल होगी। ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, नियमाली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और सूचकांकों का एक उद्देश्य और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। तदनुसार, घरेलू उद्योग से संबद्ध विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है।

क) क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री

93. क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री की मात्रा के बारे में सूचना निम्नानुसार है:-

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*132*	*138*	*156*
उत्पादन (विचाराधीन उत्पाद + गैर-विचाराधीन उत्पाद)	एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*135*	*137*	*183*
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*102*	*99*	*117*
विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*136*	*136*	*184*
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*107*	*139*	*170*

94. यह देखा जाता है कि:

क. देश में पर्याप्त मांग के कारण घरेलू उद्योग की क्षमता में वृद्धि हुई है और कई नए उत्पादकों ने क्षति की अवधि में उत्पादन शुरू कर दिया है। इस प्रकार घरेलू उद्योग की क्षमता में क्षति की अवधि में वृद्धि देखी गई है।

ख. क्षमता में वृद्धि और बाजार में नए प्रवेशकों के कारण क्षति की अवधि में उत्पादन, घरेलू बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। तथापि, पर्याप्त मांग और घरेलू उद्योग के साथ पर्याप्त क्षमता के बावजूद, जांच की अवधि में क्षमता उपयोग केवल ***% है। इस प्रकार, पाटित आयातों की मौजूदगी ने घरेलू उद्योग को इष्टतम स्तर पर उत्पादन और बिक्री बढ़ाने से रोक दिया है।

ख) <u>मांग में बाजार अंश</u>

95. समग्र क्षति अवधि के दौरान संबद्ध आयातों और घरेलू उद्योग का बाज़ार अंश इस प्रकार था:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*103*	*115*	*131*
अन्य उत्पादक	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*75*	*87*	*86*
भारतीय उद्योग	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*88*	*100*	*107*
संबद्ध देश	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*92*	*47*	*26*
चीन (5.5 से कम)	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	37	0	5
थाइलैंड	%	***	***	***	***

	सूचीबद्ध	100	130	76	39
मलेशिया	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	4	5	15
इंडोनेशिया	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	2	1	4
अन्य देशों से आयात*	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*139*	*168*	*178*

**नोट : अन्य देशों से आयातों में चीन जन. गण. से 5.5 माइक्रोन से ऊपर के एल्यूमीनियम फ़ॉइल का आयात शामिल है।*

96. यह देखने में आया है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार अंश में वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि नए उत्पाद बाजार में आए हैं। हालांकि, वृद्धि होने के बावजूद, जांच की अवधि में घरेलू उद्योग का बाजार अंश मुश्किल से ***% है। यह भी देखने में आया है कि पूरे भारतीय उद्योग का बाजार अंश भी केवल ***% के करीब है। देश में पर्याप्त मांग, उद्योग के पास सरप्लस क्षमता होने और शुल्क लागू होने के बावजूद, भारतीय उद्योग के बाजार अंश में वृद्धि होनी चाहिए थी। हालांकि, भारतीय उद्योग के बाजार अंश में आधार वर्षसे बहुत ही कम वृद्धि हुई है अर्थात ***% से ***% तक। दूसरे देशों के बाजार अंश में भी हुई है, जिसमें चीन से 5.5 माइक्रोन से ज़्यादा मोटाई वाले एल्युमीनियम फॉयल का आयात शामिल है।

ग) <u>लाभप्रदता, नकदी लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल</u>

97. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभ, लाभप्रदता, नकदी लाभ, ब्याज से पूर्व लाभ (पीबीआईटी) और निवेश पर प्रतिफल का विश्लेषण इस प्रकार किया गया है:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
लाभ / हानि	₹/ मी टन	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*37*	*-112*	*-34*
पीबीआईटी	₹ लाख	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*50*	*-86*	*5*
प्रति यूनिट पीबीआईटी	₹/ मी टन	***	***	***	***
नकदी लाभ	सूचीबद्ध	*100*	*46*	*-62*	*3*
नकदी लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*76*	*-24*	*38*
प्रति यूनिट नकदी लाभ	₹/ मी टन	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*71*	*-17*	*22*
आरओसीई	%	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*45*	*-44*	*3*

98. यह देखने में आया है कि :

क. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभप्रदता के मापदंडों में काफी गिरावट आई है। प्रति यूनिट लाभ में तेजी से गिरावट आई और उसके बाद वर्ष 2023-24 में यह नकारात्मक हो गया। आधार वर्ष में शुल्क लगाए जाने के बाद से घरेलू उद्योग आधार वर्ष और अन्य वर्ष अर्थात 2021-22 और 2022-23 में लाभ में था। हालांकि, चीन जन. गण. से 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन तक एल्यूमीनियम फ़ॉइल के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क 2022 में समाप्त हो गया

था। इसके बाद, पाटित कीमतों पर आयात निरंतर जारी रहे और भारतीय बाजार में महत्वपूर्ण रुप से उपस्थिति बनाए रखी, जिसके चलते घरेलू उद्योग को क्षति हई।

ख. पीबीआईटी, प्रति यूनिट पीबीआईटी, नकदी लाभ और प्रति यूनिट नकदी लाभ में भी गिरावट की एक नई प्रवृति देखने में आई है। हालांकि वर्ष 2023-24 में हुई क्षति की तुलना में जांच की अवधि में पीबीआईटी और नकदी लाभ मामूली रूप से सकारात्मक रहे, लेकिन कमाई का स्तर बहुत कम है और इससे घरेलू उद्योग के चित्तीय निष्पादन में कोई विशेष सुधार आने का संकेत नहीं मिलता।

ग. जांच की अवधि के दौरान आरओसीई में भी काफी गिरावट आई है; यह वर्ष 2021-22 के दौरान ***% से गिरकर वर्ष 2022-23 में ***% हो गया और वर्ष 2023-24 में नकारात्मक हो गया। हालांकि जांच की अवधि (पीओआई) के दौरान आरओसीई मामूली रूप से सकारात्मक होकर ***% हो गया, लेकिन घरेलू उद्योग को मिलने वाला प्रतिफल अभी भी उचित स्तर से काफी नीचे है। इससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग अपने निवेश पर पर्याप्त प्रतिफल अर्जित नहीं कर पाया है।

99. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग को जो क्षति हुई है, वह अधिक लागत पर काम करने वाले नए घरेलू उत्पादकों के आने की वजह से हुई है। प्राधिकारी का यह कहना है कि भले ही जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कुछ भागों ने उत्पादन शुरू कर दिया था, लेकिन रविराज फॉइल्स लिमिटेड और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड जैसे स्थापित उत्पादकों की लाभप्रदता में भी गिरावट देखने में आई है। इसलिए, निष्पादन में यह गिरावट केवल नए स्थापित उत्पादकों तक ही सीमित नहीं है, और यह तर्क कि यह क्षति पूरी तरह से अधिक लागत वाले उत्पादकों के आने से हुई है, रिकॉर्ड से यह सिद्ध नहीं होता है।

100. कुल मिलाकर, क्षति अवधि के दौरान लाभ, नकदी लाभ, पीबीआईटी और निवेश पर प्रतिफल के मामले में घरेलू उद्योग के निष्पादन में काफ़ी गिरावट आई है। जांच की अवधि के दौरान कुछ मापदंडों में मामूली सुधार आने के बावजूद, यह सच है कि घरेलू

उद्योग आर्थिक रूप से कमज़ोर स्थिति में बना हुआ है और प्रतिफल पुराने स्तरों की तुलना में काफ़ी कम है।.

घ) वस्तुसूची

101. क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की वस्तुसूची की स्थिति से संबंधित डेटा नीचे दी गई तालिका में दिया गया है। इससे पता चलता है कि क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास वस्तुसूची के औसत स्तर में निरंतर वृद्धि हुई है।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
प्रारंभिक वस्तुसूची	मी टन	1,430	2,188	3,218	3,330
अंतिम वस्तुसूची	मी टन	2,018	3,218	3,330	4,096
औसत वस्तुसूची	मी टन	1,724	2,703	3,274	3,713

ङ) रोजगार, मजदूरी और उत्पादन

102. घरेलू उद्योग में रोज़गार, मजदूरी और उत्पादन की स्थिति इस प्रकार है। प्राधिकारी के देखने में यह आया है कि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और दिए जाने वाले वेतन में वृद्धि हुई है। ऐसा क्षमता में वृद्धि होने के कारण हुआ है। प्रति दिन उत्पादन की प्रवृत्ति भी ऐसी ही रही है।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	1164	1429	1624	1644
वेतन और मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***

	सूचीबद्ध	*100*	*128*	*158*	*200*
उत्पादन प्रति दिन	मी टन	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	*100*	*128*	*133*	*174*

च) **<u>विकास</u>**

103. यह देखने में आया है कि जांच की अवधि के दौरान कीमत के मानकों के संदर्भ में वृद्धि प्रतिकूल रही है।

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
उत्पादन (पीयूसी)	%	-	36%	0%	35%
घरेलू बिक्रियां	%	-	7%	30%	22%
पीबीआईटी	%	-	-50%	-273%	-106%
नकदी लाभ	%	-	-24%	-131%	-259%
आरओसीई	%	-	-55%	-197%	-106%

छ) **<u>घरेलू कीमत को प्रभावित करने वाले कारक</u>**

104. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से आयात की कीमतों, लागत ढांचे में बदलाव, घरेलू बाज़ार में प्रतिस्पर्धा और पाटित किए गए आयातों के अलावा उन अन्य कारकों की भी जांच की है जो घरेलू बाज़ार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह देखने में आया है कि संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत (आयातित माल की बाज़ार तक पहुंचने की कुल लागत) में कमी आई, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हो गई। इसके अलावा, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में बिक्री लागत के अनुपात में वृद्धि नहीं हो पाई। प्राधिकारी का यह मानना है कि ऐसा पाटित किए गए आयातों के प्रतिकूल प्रभाव के चलते हुआ है, और इसलिए घरेलू कीमतों पर प्रभाव डालने वाला मुख्य कारक संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों की मौजूदगी होना है।

ज) <u>पूंजी जुटाने की क्षमता</u>

105. यह देखने में आया है कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद, भारतीय उद्योग ने निवेश किया है और नई क्षमताएं तैयार की हैं। हालांकि, क्षमता बढ़ाने का काम उस समय किया गया था जब घरेलू उद्योग लाभ में था। चूंकि जांच की अवधि के दौरान कीमतों के मामले में घरेलू उद्योग को काफ़ी क्षति हो रही है, इसलिए पाटित किए गए आयातों के कारण पूंजी निवेश बढ़ाने की घरेलू उद्योग की क्षमता पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यह भी देखने में आया है कि घरेलू उद्योग को क्षति हुई है और नियोजित पूंजी पर बहुत कम प्रतिफल प्राप्त हुआ है।

झ) <u>पाटन और पाटन मार्जिन की मात्रा</u>

106. मलेशिया को छोड़कर, जिन देशों पर विचार किया जा रहा है, उन सभी के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक बना हुआ है

ज. <u>3.4 </u>क्षति संबंधी निष्कर्ष

107. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकरण निम्नानुसार निष्कर्ष निकालता है:

i) विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति अवधि के दौरान निरंतर बढ़ी है।

ii) विषयगत देशों से आयात क्षति अवधि के दौरान घटा है।

iii) थाईलैंड और इंडोनेशिया से विषयगत माल का आयात घरेलू कीमतों को अवःकर्तित कर रहा था।

iv) देश में डंप किए गए आयातों की उपस्थिति के कारण कीमत अवदमन हुआ।

v) क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, घरेलू बिक्री और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। तथापि, डंप किए गए आयातों ने घरेलू उद्योग को इष्टतम स्तर पर उत्पादन और बिक्री बढ़ाने से रोका है।

vi) बाजार में नए उत्पादकों के आगमन के कारण क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है। तथापि, भारतीय उद्योग की हिस्सेदारी आधार वर्ष की तुलना में केवल अत्यंत न्यूनतम रूप से ही बढ़ी है।

vii) घरेलू उद्योग के लाभप्रदता संबंधी प्राचल क्षति अवधि के दौरान उल्लेखनीय रूप से बिगड़े हैं। जांच अवधि में नियोजित पूंजी पर प्रतिफल मुश्किल से धनात्मक है।

viii) घरेलू उद्योग के पास औसत माल-सूची स्तर क्षति अवधि के दौरान निरंतर बढ़ा है।

ix) क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या और भुगतान की गई मजदूरी में वृद्धि हुई है।

x) जांच अवधि में कीमत संबंधी प्राचलों की दृष्टि से संवृद्धि प्रतिकूल रही है।

xi) विषयगत आयातों की अवतरित कीमत घटी है, जिसके कारण घरेलू उद्योग अपनी विक्रय कीमत बढ़ाने में असमर्थ रहा, जिससे यह घरेलू कीमत को प्रभावित करने वाला एक कारक बना।

xii) घरेलू उद्योग जांच अवधि में कीमत संबंधी प्राचलों में क्षति झेल रहा है और अतः डंप किए गए आयातों के कारण उसकी पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।

xiii) सभी देशों से डंपिंग मार्जिन धनात्मक और सारवान है।

झ. <u>गैर-आरोपण विश्लेषण (अन्य कारक)</u>

108. नियमों के अनुसार, प्राधिकारी के लिए यह आवश्यक है कि वह पाटित किए गए आयातों के अलावा उन अन्य ज्ञात कारकों की भी जांच करे जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है या क्षति होने की संभावना है, ताकि इन अन्य कारकों से होने वाली क्षति को पाटित किए गए आयातों से न जोड़ा जाए। हालांकि मौजूदा जांच एक 'निर्णायक समीक्षा' जांच है और मूल जांच में कारणात्मक संबंध की जांच पहले ही की जा चुकी है, फिर भी प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या अन्य ज्ञात सूचीबद्ध कारकों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है या उनसे क्षति होने की संभावना है। इस बात की भी जांच की गई कि क्या नियमों के तहत सूचीबद्ध अन्य कारकों ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति में कोई भूमिका निभाई है या आगे निभा सकते हैं।

क) तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमत

109. यह देखने में आया है कि दूसरे देशों से इस उत्पाद का आयात या तो कम मात्रा में हो रहा है या उसकी कीमत अधिक है। इसके अलावा, चीन जन. गण. से 5.5 से 80 माइक्रोन रेंज वाली एल्युमीनियम फ़ॉइल के आयातों पर पाटनरोधी उपाय लागू हो रहे हैं , 5.5 माइक्रोन से अधिक फॉयल के आयातों को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकरण एक

समानांतर सीवीडी (CVD) जांच भी कर रहा है। इसलिए, यह माना जा सकता है कि दूसरे देशों से होने वाला आयात घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं है।

ख) मांग में संकुचन

110. क्षति की अवधि के दौरान मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। इसलिए, यह माना जा सकता है कि मांग में संभावित गिरावट क्षति का कारण नहीं है।

ग) खपत की पद्धति में बदलाव

111. क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के उपभोग की पद्धति में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी।

घ) प्रतिस्पर्धा की स्थिति और व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं

112. जांच में प्रतिस्पर्धा की स्थितियों में कोई बदलाव या व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं देखने में नहीं आई हैं।

ड़) प्रौद्योगिकी में बदलाव

113. ऐसा कोई साक्ष्य देखने में नहीं आया है जिससे कि यह पता चले कि प्रौद्योगिकी में कोई बड़ा बदलाव हुआ है।

च) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

114. प्रदान की गई सूचना पर घरेलू उद्योग के घरेलू कामकाज के हिसाब से विचार किया गया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तुओं का (***) मीट्रिक टन निर्यात किया है। यह भी देखने में आया है कि घरेलू उद्योग को अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग करने के लिए निर्यात करने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि पाटित किए गए आयातों से घरेलू उद्योग को पाट दिया गया है।

छ) अन्य उत्पादों का निष्पादन

115. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराए हैं और प्राधिकारी ने क्षति के विश्लेषण के लिए इन्हीं आंकड़ों पर भरोसा किया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित किए गए और बिक्री किए गए अन्य उत्पादों के निष्पादन पर विचार नहीं किया गया है।

ञ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

116. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत' (एनआईपी) का निर्धारण किया है। यह निर्णय नियमावली और उनमें किए गए बदलावों के साथ नियमावली के अनुबंध III में बताए गए सिद्धांतों के आधार पर लिया गया है। नियमावली के अनुबंध III में बताए अनुसार, क्षतिरहित कीमत निकालने के लिए, संबद्ध उत्पाद पर उपयोग की गई औसत पूंजी (अर्थात, औसत निवल निर्धारित परिसपत्ति और औसत कार्यशील पूंजी पर उचित प्रतिफल (कर से पहले 22%) को कर पूर्व लाभ के तौर पर मंज़ूरी दी गई।

117. यह देखने में आया है कि इस जांच में सहयोग करने वाले कई उत्पादक और निर्यातक एक-दूसरे से संबद्ध हैं और संबद्ध कंपनियों का एक ग्रुप बनाते हैं। प्राधिकारी का हमेशा से यह तरीका रहा है कि वह संबद्ध निर्यात करने वाले उत्पादक और निर्यातक को 'क्षति मार्जिन' का निर्धारण करने के लिए एक ही इकाई (एंटिटी) माने और इस तरह उनके लिए एक ही 'क्षति मार्जिन' का निर्धारण करे। इसी के अनुसार, संबद्ध निर्यात करने वाले उत्पादक और निर्यातक को एक ही इकाई माना गया है और उनके लिए एक ही 'क्षति मार्जिन' का निर्धारण किया गया है। इस मार्जिन की गणना सहयोग करने वाले संबद्ध उत्पादक और निर्यातक के 'क्षति मार्जिन' के भारित औसत के आधार पर की गई थी।

118. ऊपर निर्धारित की गई 'पहुंच कीमत' और एनआईपी के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किए जाने वाले 'क्षति मार्जिन' को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

क्षति मार्जिन तालिका

क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**(एनआईपी $/ मी टन)**	**(पहुंच कीमत $/ मी टन)**	**क्षति मार्जिन**		
					($/ मी टन)	**(%)**	**रेंज**
क	**चीन**						
1	जिआंगसु फेंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड	$/ मी टन	***	***	***	***	25-35%

2	शंघाई सनहो एल्युमीनियम फॉयल कंपनी लिमिटेड	$/ मी टन	***	***	***	***	10-20%
3	जियांग्सू झोंगजी लेमिनेशन मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड	$/ मी टन	***	***	***	***	25-35%
4	कोई अन्य	$/ मी टन	***	***	***	***	45-55%
ख	**थाइलैंड**	$/ मी टन					
1	मेसर्स लॉफ्टन (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड	$/ मी टन	***	***	***	***	40-50%
2	डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कंपनी लिमिटेड	$/ मी टन	***	***	***	***	25-35%
3	कोई अन्य	$/ मी टन	***	***	***	***	65-75%
ग	**इंडोनेशिया**	$/ मी टन					
1	कोई अन्य	$/ मी टन	***	***	***	***	45-55%
घ	**मलेशिया**	$/ मी टन					
1	कोई अन्य	$/ मी टन	***	***	***	***	0-10%

ट. पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

119. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा संभावना के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. क्षति होने की कोई संभावना नहीं है, जो कि निर्णायक समीक्षा जांच में एक ज़रूरी शर्त होती है।

ii. भारतीय मांग में काफ़ी वृद्धि होने के बावजूद, इस अवधि में संबद्ध देशों से आयातों में ***% की कमी आई है।

iii. मौजूदा समीक्षा का दायरा चीन जन. गण. के लिए 5.5 माइक्रोन से कम मोटाई वाले एल्युमीनियम फ़ॉइल तक ही सीमित है। इसलिए, चीन से होने वाले कुल आयातों या 5.5 माइक्रोन और उससे ज़्यादा मोटाई वाले चीनी आयातों पर निर्भर रहने से क्षति और संभावना के विश्लेषण में गड़बड़ी हो सकती है।

iv. वर्ष 2023-24 में 5.5 माइक्रोन से कम मोटाई वाले विचाराधीन उत्पाद का चीन से आयात 88% घटकर केवल 49 मी ट्रिक टन रह गया।

v. संभावना के दावे केवल अनुमान पर आधारित हैं क्योंकि जब वास्तविक आयात घट रहा हो, तो केवल अतिरिक्त क्षमता का होना ही काफ़ी नहीं होता है; इस प्रकार, आयात में भारी वृद्धि होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

vi. आयातों के कारण घरेलू उद्योग की बिक्री में कमी आने का कोई साक्ष्य नहीं है; बल्कि घरेलू उद्योग की बिक्री में ***% की वृद्धि हुई है, मांग में ***% की वृद्धि हुई है और बाजार में उनकी हिस्सेदारी में भी काफी वृद्धि हुई है।

vii. डिंगहेंग और सनहो ग्रुप की उत्पादन क्षमता 2022 से वैसी ही बनी हुई है और इस पूरी अवधि में क्षमता का उपयोग भी बहुत अधिक रहा है। इससे यह बात गलत साबित होती है कि डिंगहेंग ने अतिरिक्त या बेकार पड़ी क्षमता बना ली है।

viii. घरेलू उद्योग के आंकड़े मांग, घरेलू बिक्री, स्थापित क्षमता, उत्पादन की मात्रा, क्षमता के उपयोग, कुल बिक्री, कर्मचारियों की संख्या और प्रति कर्मचारी उत्पादकता में वृद्धि को दर्शाते हैं। ये प्रवृत्ति घरेलू उद्योग के विस्तार का संकेत देती हैं और शुल्क समाप्त होने पर क्षति होने की संभावना को खारिज करते हैं।

ix. संबद्ध देशों के उत्पादकों का निर्यात-उन्मुखी होना एक सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया है और इसका पाटन, क्षति या इसकी संभावना से कोई संबंध नहीं है।

x. मौजूदा निर्णायक समीक्षा जांच अत्यधिक है, और घरेलू उद्योग कई सुरक्षा उपायों और पाटनरोधी उपायों के माध्यम से सालों-साल तक निरंतर और एक-दूसरे पर निर्भर सुरक्षा की मांग नहीं कर सकता।

xi. इस अवधि में लोफ्टेन का निर्यात गिरकर आधा हो गया है, क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है और थाईलैंड से भारत को होने वाला कुल निर्यात काफी कम हो गया है। इसके अलावा, लोफ्टेन पर लगने वाला शुल्क डिंगहेंग और चीन के निर्यातकों की तुलना में कम है; अगर लोफ्टेन के पास घरेलू उद्योग के आरोपों के अनुसार कोई व्यावसायिक प्रोत्साहन होता, तो उसका निर्यात इतनी तेज़ी से नहीं गिरता।

xii. क्षमता, निर्यात-उन्मुखता, व्यापार उपचार, प्रवंचना के दावों और निवेशों के आधार पर चीन के बारे में चिंताओं को थाईलैंड पर बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता।

ट.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

120. घरेलू उद्योग ने संभावना के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. भारतीय बाज़ार में चीन और थाईलैंड से पाटित की गई कीमतों पर आयात काफ़ी बना हुआ है। यह लगातार बना रहना ही इस बात का साक्ष्य है कि शुल्क लगाए जाने के बावजूद निर्यातकों में भारत में अपनी मौजूदगी बनाए रखने की क्षमता और इरादा है।

ii. चीन के उत्पादकों के पास अत्यधिक उत्पादन क्षमता है जो कि भारतीय मांग से कहीं अधिक है। चीन के पहचाने गए उत्पादकों की कुल क्षमता लगभग 22.9 लाख मीट्रिक टन है, जबकि भारतीय मांग केवल *** लाख मीट्रिक टन है, अर्थात चीन की क्षमता का ***% से भी कम है।

iii. घरेलू उद्योग की मांग, उत्पादन, बिक्री, क्षमता के उपयोग, रोज़गार और उत्पादकता में वृद्धि होने का तात्पर्य यह नहीं है कि कोई क्षति नहीं हुई है या क्षति होने की संभावना नहीं है। आयातों की पिछली प्रवृत्ति यह बताती हैं कि जब भी शुल्क हटाए जाते हैं, तो कम कीमतों पर आयात तेज़ी से बढ़ता है, जिससे घरेलू कीमतें और बाज़ार हिस्सेदारी कम हो जाती है।

iv. क्षति की अवधि के दौरान लोफ्टेन थाइलैंड के निर्यातों में गिरावट को अलग-थलग करके नहीं देखा जा सकता, क्योंकि संबंधित संस्थाओं के व्यापार के तरीके - जिसमें शुल्क लगने के बाद चीन जन. गण. की सहयोगी कंपनियों से निर्यात में कमी शामिल है - लोफ्टेन थाइलैंड के माध्यम से माल को अन्यत्र भेजे जाने की संभावना की ओर इशारा करते हैं। इसलिए, अगर शुल्क समाप्त हो जाते हैं, तो पाटित किए गए आयातों में वृद्धि होने की काफ़ी संभावना है।

v. चीन में अतिरिक्त क्षमता होने की बात ईयू, यूएसए और तुर्की जैसे अन्य जांच अधिकारियों की रिपोर्ट से भी साबित होती है, जहां बहुत ज़्यादा ज्ञात और अतिरिक्त क्षमता दर्ज की गई है। ये रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती हैं कि वैश्विक मांग (जिसमें क्षेत्रीय मांग भी शामिल है) चीन के अतिरिक्त उत्पादन को खपाने के लिए काफ़ी नहीं है, जिससे निर्यात में आक्रामकता अपरिहार्य हो जाती है।

vi. चीन के निर्यातक मुख्य रूप से निर्यात पर केंद्रित हैं; वर्ष 2024 में उनका निर्यात करीब 1.56 मिलियन मीट्रिक टन था, जो भारत की कुल मांग का करीब आठ गुना है। कई बाज़ारों द्वारा चीन की एल्युमीनियम फॉयल के लिए व्यापार से जुड़े सुधारात्मक उपाय लागू किए जाने या कड़े किए जाने के कारण, भारत जैसे अपेक्षाकृत खुले और तेज़ी से बढ़ने वाले बाज़ारों की ओर व्यापार जाने की संभावना बहुत ज़्यादा है।

vii. मौजूदा जांच से पहले लागू किए गए कोई भी उपाय पूरी तरह से निष्पक्ष थे और उन्हें पूरी और गहन जांच के बाद लागू किया गया था। वास्तव में, चीन से होने वाले आयात (5.5 माइक्रोन से ऊपर की रेंज वाले) पर शुल्क समाप्त होने के तुरंत बाद आयात में वृद्धि हो गई थी और घरेलू घरेलू उद्योग को क्षति हुई, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2025 में पाटनरोधी शुल्क को फिर से लागू करना पड़ा था।

viii. चीन से होने वाले आयातों पर पहले पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था, जो मई 2022 में समाप्त हो गया था। इसके समाप्त हो जाने के बाद, वर्ष 2022-23 से 2024-25 की अवधि के दौरान चीन से आयातों में वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में थाईलैंड से आयातों में कमी आई। यह उलट प्रवृत्ति होने का एक स्पष्ट पैटर्न दिखाता है, जिसमें आयातक शुल्क होने या न होने के आधार पर संबद्ध देशों के बीच स्रोत बदलते रहते हैं।

ix. ईयू और यूएसए की जांच से यह सिद्ध हुआ है कि चीन के उत्पादकों ने शुल्कों से बचने के लिए थाईलैंड का उपयोग मामूली प्रोसेसिंग या असेंबली के लिए किया है; इसमें ऐसे मामले भी शामिल हैं जहां थाई उत्पादकों ने संबद्ध चीनी कंपनियों से इनपुट प्राप्त किए थे।

x. थाईलैंड से भी भारत को आयात बढ़ने की स्पष्ट संभावना है, क्योंकि 2026 तक थाईलैंड का एल्युमीनियम निर्यात 2.2 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। थाई वित्त मंत्रालय के डेटा के अनुसार, चैप्टर 76 के तहत एल्युमीनियम और एल्युमीनियम उत्पाद थाईलैंड से निर्यात की जाने वाली प्रमुख श्रेणी और सबसे ज़्यादा निर्यात मूल्य वाले उत्पादों में शामिल हैं, जो मज़बूत और बढ़ते निर्यात उन्मुखीकरण को दर्शाते हैं।

xi. 'ऑब्जर्वेटरी ऑफ इकोनॉमिक कॉम्प्लेक्सिटी' के डेटा से पता चलता है कि मलेशिया से होने वाले एल्युमीनियम फॉयल के व्यापार में भारत सबसे बड़ा निर्यात स्थान है, जो यह दर्शाता है कि मलेशिया का भारत की ओर निर्यात का झुकाव अधिक है।

xii. साथ ही, यूएसए ने धारा 232 के तहत थाईलैंड से आने वाले एल्युमीनियम उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिए हैं। चूंकि थाईलैंड के एल्युमीनियम निर्यातकों में यूएसए का बड़ा हिस्सा है, इसलिए इससे निर्यात को भारत जैसे दूसरे बाज़ारों की ओर भेजने का मज़बूत प्रोत्साहन मिलता है।

xiii. घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित होने के बावजूद चीन से एल्युमीनियम फॉयल के आयातों पर मलेशिया की अत्यधिक निर्भरता से ट्रांसशिपमेंट, मामूली प्रोसेसिंग या मूलता की गलत जानकारी देने जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं।

xiv. चीन की एल्युमीनियम कंपनियों ने इंडोनेशिया में अपस्ट्रीम और मिडस्ट्रीम सेगमेंट में भारी निवेश किया है, जिससे वर्टिकल इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन बनी हैं। यह इंटीग्रेशन इंडोनेशियाई फॉयल बनाने वालों को कच्चे माल तक विशिष्ट पहुंच प्रदान करता है, जो चीन के कीमत और लागत के गलत निर्धारण से प्रभावित होती है। इससे शुल्क समाप्त होने की स्थिति में इंडोनेशियाई निर्यातक के माध्यम से अप्रत्यक्ष पाटन या प्रवंचना होने का जोखिम बढ़ जाता है।

xv. एल्युमीनियम फॉयल की वैश्विक मांग और इन वस्तुओं की भारत में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे अपनी तेज़ विकास दर के चलते भारत एक विशेष रुप से आकर्षक बाज़ार बन गया है।

ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

121. यह जांच चीन, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से आयात किए जाने वाले संबद्ध उत्पादों पर लगाए गए शुल्क की 'निर्णायक समीक्षा' है। नियमों के तहत, प्राधिकारी को यह तय करना होता है कि क्या मौजूदा शुल्क को हटाए जाने से पाटन और घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है। इसमें इस बात पर भी विचार किया जाना ज़रूरी है कि क्या लगाया गया शुल्क क्षतिकारी पाटन को समाप्त करने के अपने अपेक्षित प्रयोजन को पूरा कर रहा है।

122. घरेलू उद्योग का यह दावा है कि अगर पाटनरोधी शुल्क हटा दिया जाता है, तो पाटन और क्षति के जारी रहने की संभावना है। प्राधिकारी ने यह पाया है कि जांच की अवधि के दौरान, पाटनरोधी शुल्क के बिना क्षति का मार्जिन सकारात्मक है। उसने यह भी पाया कि जांच की अवधि के दौरान चीन और थाईलैंड से आयातों के कारण घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हुई है। सहयोग करने वाले निर्यातकों के लिए पाटनरोधी शुल्क के बिना क्षति का मार्जिन सकारात्मक है, इसलिए जांच की अवधि के लिए आंकी गई पाटन मार्जिन और क्षति के मार्जिन की मात्रा को संरक्षा के स्तर के लिए उचित माना जाता है।

123. प्राधिकारी ने धारा 9क (5), नियम 23 के तहत निर्धारित अपेक्षाओं, नियमावली के अनुबंध-II (vii) के अनुसार गंभीर क्षति की आशंका से जुड़े पैमानों और संबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकॉर्ड पर लाए गए अन्य ज़रूरी कारकों को ध्यान में रखते हुए क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना की जांच की है। चूंकि ऐसी संभावना का विश्लेषण करने के लिए कोई विशेष तरीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए नियमावली के अनुबंध-II के खंड (vii) से मार्गदर्शन लिया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ साथ निम्नलिखित कारकों पर विचार करने की बात कही गई है:

क. भारत में पाटित किए गए आयातों में तेज़ी से हो रही वृद्धि, जो भविष्य में आयात में अत्यधिक वृद्धि की संभावना को दर्शाती है;

ख. निर्यातक की ऐसी क्षमता जो आसानी से इस्तेमाल की जा सकती है, या जिसमें जल्द ही काफ़ी बढ़ोतरी होने वाली है, जो भारतीय बाज़ारों में पाटित किए गए निर्यात में काफ़ी ज़्यादा वृद्धि की संभावना को दर्शाती है (इसमें अतिरिक्त

निर्यात को खपाने के लिए अन्य निर्यात बाज़ारों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखा जाता है);

ग. *क्या आयात ऐसी कीमतों पर आ रहा है जिनका घरेलू कीमतों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव (कीमत ह्रास या कीमत कटौती का प्रभाव) पड़ेगा और जिससे और ज़्यादा आयात की मांग बढ़ने की संभावना है; और*

घ. *वस्तुओं की वस्तुसूची की जांच की जा रही है।*

124. प्राधिकारी ने, अन्य बातों के साथ साथ, ऊपर बताई गई ज़रूरतों और मापदंडों पर विचार किया है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या पाटनरोधी शुल्क हटाने पर पाटन के जारी रहने की संभावना है, और यदि ऐसा होता है, तो क्या इससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य संबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकार्ड पर प्रस्तुत की गई सभी संगत सूचना की भी जांच की है।

क. संबद्ध देशों से आयात

125. नीचे दी गई तालिका में संबद्ध देशों से आयातों के बारे में सूचना दर्शाई गई है।

वर्ष	चीन के आयात की मात्रा (मी टन) -5.5 माइक्रोन से नीचे	चीन के आयात की मात्रा (मी टन) -5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन तक	थाइलैंड से आयात की मात्रा (मी टन)	इंडोनेशिया से आयात की मात्रा (मी टन)	मलेशिया से आयात की मात्रा (मी टन)
2016-17	38	73,112	260	853	707
2017-18	6,129	36,552	4,230	6,804	484
2018-19	17,716	19,343	6,109	11,176	887

गैर-गोपनीय

जांच की अवधि - **2019-20**	24,302	21,808	18,043	3,410	2,472
2020-21		16,744	16,244	1,530	586
2021-22	15,249	17,145	26,973	1,456	221
अक्तू.' 22 - सित.' 23 (चीन के मामले में जांच की अवधि- 5.5 माइक्रोन और अधिक)		61,546	27,007	19	7
2022-23	5,831	40,806	36,448	36	8
2023-24	49	64,101	24,639	19	12
2024-25 (वर्तमान जांच की जांच अवधि)	909	73,692	13,724	73	44

स्रोत : वर्ष 2017 की अधिसूचना सं. 14/06/2015 - डीजीएडी, 2021 की अधिसूचना सं. 6/21/2020 - डीजीटीआर, 2022 की अधिसूचना सं. 7/27/2021- डीजीटीआर और 2025 की अधिसूचना सं. 06/35/2023 - डीजीटीआर के तहत जारी किए गए अंतिम जांच परिणाम।



126. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि मूल जांच के आधार वर्ष (अर्थात 2016-17) में चीन से 5.5 माइक्रोन से कम मोटाई वाली एल्युमीनियम फॉयल का आयात नगण्य था। दिनांक 16 मई 2017 की अधिसूचना सं. 23/2017- सीमा शुल्क (एडीडी) के तहत 5.5 से 80 माइक्रोन रेंज वाली एल्युमीनियम फॉयल पर पाटनरोधी शुल्क लगने के बाद इसके आयातों में काफी बढ़ोतरी हुई। इसके बाद, 16 सितंबर 2021 की अधिसूचना सं. 51/2021- सीमा शुल्क (एडीडी) के माध्यम से 5.5 माइक्रोन से कम मोटाई वाली एल्युमीनियम फॉयल पर शुल्क लगने पर आयातों में कमी आई और मई 2022 में 5.5 माइक्रोन से ज़्यादा मोटाई वाली एल्युमीनियम फॉयल पर शुल्क समाप्त हो गए। यह देखने में आया है कि जहां 5.5 माइक्रोन से कम मोटाई वाली फॉयल के आयातों में गिरावट आई है, वहीं चीन से 5.5 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली फॉयल का आयात में वृद्धि हुई है और मौजूदा जांच की जांच अवधि में यह अपने सबसे उच्च स्तर पर है, विशेषकर 2022 में शुल्क समाप्त होने के बाद इसमें वृद्धि हुई है। अत:, चीन के उत्पादकों ने एल्युमीनियम फॉयल के घरेलू बाज़ार में अपनी मौजूदगी बनाए रखी है।

127. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि चीन पर उपाय लागू होने के बाद थाईलैंड से होने वाले आयात में काफ़ी और लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2016-17 में थाईलैंड से आयात नगण्य थे, लेकिन उसके बाद इसमें तेज़ी से वृद्धि हुई है। हालांकि बाद की कुछ अवधियों में इसमें थोड़ी कमी देखने में आई है, लेकिन कुल मिलाकर यह प्रवृत्ति दर्शाती

है कि थाईलैंड आयात का एक बड़ा स्रोत बन गया, विशेष रुप से उस दौरान जब चीन पर शुल्क लागू था। मौजूदा जांच की अवधि में भी थाईलैंड से आयात काफ़ी बना हुआ है। रिकॉर्ड में मौजूद सूचना से पता चलता है कि थाईलैंड के प्रमुख उत्पादकों और निर्यातकों की चीन में संबद्ध पक्षकार हैं और आयात का पैटर्न यह स्पष्ट संकेत देता है कि पाटित किए गए आयात का स्रोत चीन से बदलकर थाईलैंड हो गया है। इससे पता चलता है कि निर्यातकों ने लागू किए गए उपायों के प्रभाव से बचने के लिए व्यापार के रास्ते बदल दिए हैं।

128. इंडोनेशिया और मलेशिया के मामले में, यह देखने में आया है कि इंडोनेशिया से आयातों में कमी आई है और जांच की अवधि में मलेशिया से आयात नगण्य है। नियम 23 की अपेक्षा के होते हुए भी, जिसके अधीन वर्तमान कार्यवाही एक पुनर्विलोकन है और जिसमें नियम 14(घ) सहपठित नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iii) में विहित सीमाएँ कठोरतः आकर्षित नहीं होतीं, प्राधिकारी यह नोट करता है कि किसी भी एक विषयगत देश के व्यष्टिगत अंश पर ध्यान दिए बिना, विषयगत देशों से विचाराधीन उत्पाद के पाटित मूल्यों पर आयात, संचयी रूप से, भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल आयात का 15.81% हैं (चीन जनवादी गणराज्य से उद्भूत 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन मोटाई वाले एल्युमिनियम फॉयल को छोड़कर), जो अनुबंध-II के पैरा (iii) में विहित 7% की सीमा से कहीं अधिक है। अतः वर्तमान मामले में भी विषयगत देशों से पाटित आयातों के प्रभाव के संचयी मूल्यांकन की शर्तें पूरी होती हैं।

129. यह देखने में आया है कि थाईलैंड के निर्यातक ने यह तर्क दिया है कि निर्यात इसलिए हो रहा है क्योंकि आवेदक भारतीय मांग को पूर्ण रुप से पूरा करने में असमर्थ है। हालांकि, यह देखने में आया है कि देश में मांग और आपूर्ति के बीच कोई अंतर नहीं है, क्योंकि नई क्षमताएं स्थापित की गई हैं। देश में और क्षमताएं जुड़ने और शुल्क लागू होने के बावजूद, थाईलैंड से आयात काफ़ी बना हुआ है।

ख. चीन जन. गण. और थाईलैंड के उत्पादकों के पास उत्पादन की बड़ी क्षमता

130. यह नोट किया जाता है कि निर्णायक समीक्षा जांच प्रश्नावली के भाग II के तहत, संबद्ध देशों के निर्यातकों और उत्पादकों को निर्यात करने वाले देश में उत्पादन, वहां के घरेलू बाज़ार में कुल बिक्री, कुल मांग और भारत के साथ-साथ अन्य देशों को दूसरे उत्पादकों द्वारा किए गए निर्यात के बारे में जानकारी देनी होती है। हालांकि, देखा गया है कि किसी भी निर्यातक ने यह जानकारी नहीं दी है।

131. घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर, संबद्ध वस्तुओं के लिए चीन के उत्पादकों की क्षमता के बारे में जानकारी दी है। चीन के उत्पादकों के पास बहुत ज़्यादा क्षमता है। उत्पादक-वार क्षमता का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

उत्पादक/ निर्यातक	**देश**	**क्षमता (मी टन में)**
हेनान मिंगताई एल्युमीनियम इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड	चीन	14,00,000
हेनान मिंगशेंग न्यू मटीरियल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड	चीन	5,00,000
शानडोंग लोफ्टेन एल्युमीनियम फॉयल कंपनी लिमिटेड	चीन	1,00,000
लुओयांग लॉन्गडिंग एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड	चीन	2,90,000
जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमीनियम एमस्टार फेंगयुआन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड	चीन	30,000
जियांग्सू झोंगजी लैमिनेशन मटीरियल्स कंपनी लिमिटेड	चीन	83,000
शंघाई सनहो एल्युमीनियम फॉयल कंपनी लिमिटेड	चीन	30,000
लोफ्टेन थाईलैंड कंपनी लिमिटेड	थाइलैंड	18,000
डिंगहेंग न्यू मटीरियल कंपनी लिमिटेड	थइलैंड	48,000

स्रोत : वेब रिसर्च; निर्यातकों का परिशिष्ट- 1

132. निर्यातकों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि उनकी क्षमता में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और वह वैसी ही बनी हुई है। यह बात सच है, लेकिन वास्तविक बात यह है कि क्या शुल्क हटाने से पाटन फिर से शुरू हो सकता है या जारी रह सकता है। इसलिए, यह विश्लेषण किसी विशेष निर्यातक तक सीमित नहीं है। भले ही क्षति अवधि के दौरान उत्तर देने वाले निर्यातकों की क्षमता स्थिर रही हो, फिर भी यह देखा गया है कि इन निर्यातकों की कुल क्षमता भारत की मांग से कहीं अधिक है।

ग. चीन के उत्पादकों का अत्यधिक निर्यात उन्मुखी होना

133. घरेलू उद्योग ने यह दर्शाते हुए रिकार्ड पर सूचना प्रस्तुत की है कि चीन विचाराधीन उत्पाद[1] का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक है और इसका कारोबार मुख्य रूप से निर्यात पर आधारित है। घरेलू उद्योग ने यह भी बताया है कि वर्ष 2024 में चीन ने 1,560,000 मी टन[2] एल्युमीनियम फॉयल का निर्यात किया, जो भारत की मांग का लगभग आठ गुना है। यह देखने में आया है कि चीन में होने वाले उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में निर्यात किया जाता है और प्राधिकारी का मानना है कि यदि संबद्ध वस्तुओं पर शुल्क समाप्त हो जाता है, तो चीन के निर्यातक अपनी खोई हुई निर्यात बिक्री को वापस पाने के लिए अपनी अतिरिक्त क्षमता का उपयोग भारत में सामान भेजने के लिए करेंगे।

घ. तीसरे देशों द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना

134. घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि कई देशों ने चीन जन. गण. से अपने यहां आने वाली संबद्ध वस्तुओं पर पाटनरोधी/ रक्षोपाय उपाय लागू किए हैं (जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है)। इससे चीन के उत्पादकों की अलग-अलग बाजार में सामान का पाटन करने की प्रवृत्ति का पता चलता है।

चीन जन. गण. के विरुद्ध जांच

[1] https://www.alcircle.com/news/chinas-2024-aluminium-foil-trade-overview-top-5-export-destinations-and-values-revealed-113186?srsltid=AfmBOor937QErvkjJYaTfu81hbY1NPUKl1Qm5bK5932hkD6Gk-WfV2-y

[2] https://in.investing.com/news/economy-news/chinese-aluminum-foil-exports-may-be-impacted-by-indian-antidumping-duty--bofa-4750023

सूचना देने वाला देश	**उत्पाद**	**स्थिति**
यूरेशियन आर्थिक आयोग	एल्युमिनियम फॉइल	सकारात्मक निर्धारण (2025)
रूसी संघ	एल्युमिनियम फॉइल	जारी
यूरोपीय संघ	एल्युमिनियम कन्वर्टर फ़ॉइल	सकारात्मक निर्धारण (2021)
ताइवान	विशेष प्रकार की एल्युमिनियम फ़ॉइल	सकारात्मक निर्धारण (2020)
अर्जेंटीना	विशेष प्रकार की एल्युमिनियम फ़ॉइल	सकारात्मक निर्धारण (2020)
चीनी ताइपे	एल्युमिनियम फ़ॉइल रोल	सकारात्मक (2021) मार्च 2026 में समाप्त
इंडोनेशिया	एल्युमिनियम फ़ॉइल	रक्षोपाय (2021)
यूएसए	एल्युमिनियम फ़ॉइल	सकारात्मक (2023)

ङ. उपायों के अभाव में कीमत कटौती

135. थाईलैंड से आने वाली संबद्ध वस्तुएं घरेलू कीमतों से कम कीमत पर बेची जा रही हैं। इसके अलावा, पाटनरोधी शुल्क जोड़ने के बाद भी यह कीमत कटौती बनी हुई है। इसलिए, यदि शुल्क हटा दिया जाता है, तो कीमतों में इस कटौती का स्तर और बढ़ने की संभावना है।

विवरण	**इकाई**	**कीमत कटौती (पाटनरोधी शुल्क के साथ)**	**कीमत कटौती**
	₹/ मी टन	***	***

थाइलैंड	%	***	***
	रेंज	0-10	10-20

च. घरेलू उद्योग का संवेदनशील होना

136. यह अनुरोध किया गया है कि भारतीय बाज़ार बहुत संवेदनशील है, जहां ग्राहक मुख्य रूप से कीमत के आधार पर खरीदारी का फ़ैसला करते हैं। ग्राहक आयात की कीमतों के आधार पर कीमतों की तुलना करते हैं। ऐसी स्थिति में, बाज़ार में संबद्ध देशों से कम कीमत वाले आयात की उपलब्धता का घरेलू उद्योग पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

137. चीन और थाईलैंड से होने वाले संबद्ध आयात की कीमतें अभी घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम हैं। यदि शुल्क जारी नहीं रखा गया, तो घरेलू उद्योग को या तो अपनी बिक्री की कीमत कम करके भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, या फिर बिक्री की मात्रा और परिणामस्वरुप बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी का नुकसान उठाना पड़ेगा।

छ. ऐसी कीमतों पर होने वाला आयात, जिससे घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास हो सकता हैं या कीमतें कम हो सकती हैं।

138. जैसा कि ऊपर नोट किया गया है, बिक्री की लागत में हुई बढ़ोतरी के अनुपात में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत नहीं बढ़ी। इसलिए, घरेलू बाजार में कीमतों पर दवाब आया हैं। विशेष रुप से थाईलैंड से होने वाला आयात काफी ज़्यादा है और पाटनरोधी शुल्क जोड़ने के बाद भी कीमतों में कटौती का कारण बन रहा है। इसलिए, प्राधिकारी का यह मानना है कि आयात ऐसी कीमतों पर हो रहा है जिनसे घरेलू उद्योग की कीमतों पर काफी हद तक दबाव पड़ सकता हैं या कीमतें कम हो सकती हैं।

ज. भारतीय बाजार का कीमत आकर्षक होना

139. घरेलू उद्योग ने वर्ष 2024 के लिए बाजार रिसर्च रिपोर्ट[3] डेटा प्रस्तुत किए हैं जिनमें सर्वोच्च पांच ग्लोबल एल्युमिनियम फॉइल आयातकों को दर्शाया गया है जो इस प्रकार है:

क. यूएसए (12.53%)

ख. जर्मनी (8.25%)

ग. भारत (6.68%)

घ. फ्रांस (4.95%)

ङ. चीन (4.92%)

140. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में से एक, अमेरिका ने मार्च 2025 में इन वस्तुओं पर टैरिफ़ बढ़ाकर 25% और उसके बाद जून 2025[4] में 50% कर दिया। जिन देशों ने इन वस्तुओं पर रोक या पाबंदियां लगाई हैं, वहां से ये वस्तुएं भारत जैसे आकर्षक बाज़ारों की ओर रुख कर सकती हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि भारत में इनकी मांग में वृद्धि होने की संभावना है।

झ. थाईलैंड के प्रोड्यूसर्स द्वारा अधिक मात्रा में निर्यात किए जाने की संभावना

141. घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना से पता चलता है कि 2026 तक थाईलैंड का एल्युमीनियम निर्यात $2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है, जिसमें 2.4%[5] वार्षिक की विकास दर होगी। घरेलू उद्योग ने थाईलैंड के वित्त मंत्रालय के डेटा[6] का भी उपयोग किया है, जिसके अनुसार थाईलैंड के निर्यात का विश्लेषण करने पर, चैप्टर 76 के तहत "एल्युमीनियम और एल्युमीनियम उत्पाद" मूल्य के अनुसार सर्वोच्च 15 निर्यात मद में शामिल हैं।

142. इसके अलावा, यह भी अनुरोध किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की स्थिति, और विशेष रुप से उसके बढ़े हुए टैरिफ को ध्यान में रखा जाना चाहिए। प्राधिकारी ने

[3] https://storage.googleapis.com/export-hunter-reports-prod/static/news-insights docs/Poland_7607_6139a8d8-bf59-4f3a-ae4b-39703e287350.pdf

[4] https://www.whitehouse.gov/presidential-actions/2025/02/adjusting-imports-of-aluminum-into-the-united-states/

[5] https://www.metalex.co.th/en-gb/blog/4-trends-in-the-thai-aluminum-industry-to-monitor.html

[6] https://dataservices.mof.go.th/menu28?id=6&page=&freq=month&mf=3&yf=2568&sort=desc&search_text=

घरेलू उद्योग की इस बात पर ध्यान दिया है कि यूएसए थाईलैंड का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जो थाईलैंड के कुल एल्युमीनियम निर्यात का करीब 15% है। अत:, धारा 232 के तहत एल्युमीनियम पर लगाए गए ऊँचे यूएसटैरिफ के कारण थाईलैंड के उत्पादक अपने शिपमेंट को भारत सहित दूसरे बाजार में भेजने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। यदि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त होने दिया जाता है, तो इससे थाईलैंड से भारत में इन वस्तुओं के निर्यातों में वृद्धि होने की संभावना बढ़ जाती है।

ञ. उत्तर देने वाले निर्यातकों द्वारा दाखिल किए गए उत्तरों का विश्लेषण

143. संबद्ध देशों के उत्पादकों/ निर्यातकों द्वारा दाखिल किए गए उत्तर इस प्रकार हैं:

क. चीन

क.1 चीन जन. गण. से जियांग्सू झोंगजी

विवरण	यूओएम	मूल्य
जियांग्सू झोंगजी से तीसरे देश को निर्यात	मी टन	***
पाटित की गई कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में पाटित की गई मात्रा का हिस्सा	%	***
तीसरे देश को निर्यात में क्षतिकारी मात्रा का हिस्सा	%	***
भारत की कीमत से कम पर निर्यात की जा रही मात्रा - आकर्षक मात्रा	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में भारत की कीमत से कम पर निर्यात की गई मात्रा का हिस्सा	%	***

144. जियांग्सू झोंगजी के निर्यात डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि तीसरे देशों को किए गए *** मी टन निर्यात में से *** मी टन (***** %**) पाटित की गई कीमतों पर और ******* मी टन, अर्थात (***%) क्षतिकारी कीमतों पर किए गए थे। इसके अलावा, *** मी टन, जो तीसरे देशों को किए गए कुल निर्यात का ***% है, उन कीमतों से कम कीमत पर निर्यात किया गया था जिन पर भारत को वस्तुओं का निर्यात किया गया था।

क.2 शंघाई सनहो, चीन जन. गण.

विवरण	**यूओएम**	**मूल्य**
शंघाई सनहो से तीसरे देश को निर्यात	मी टन	***
पाटित की गई कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में पाटित की गई मात्रा का हिस्सा	%	***
तीसरे देश को निर्यात में क्षतिकारी मात्रा का हिस्सा	%	***
भारत की कीमत से कम पर निर्यात की जा रही मात्रा - आकर्षक मात्रा	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में भारत की कीमत से कम कीमत पर निर्यात की गई मात्रा का हिस्सा	%	***

145. शंघाई सनहो के निर्यात डेटा के विश्लेषण से यह पता चलता है कि भारतीय बाज़ार उनका मुख्य निर्यात स्थान है, क्योंकि भारत को उनका निर्यात किसी तीसरे देश को किए गए निर्यात से अधिक है। तीसरे देशों से जुड़ी जानकारी से पता चलता है कि तीसरे देशों को किया गया समस्त निर्यात पाटित की गई कीमतों और क्षतिकारी कीमतों पर किया गया था। इसके अलावा, (***) मी टन वस्तुएं, जो तीसरे देशों को किए गए निर्यात का ***% है, भारत में प्रचलित कीमत के स्तर से कम कीमत पर बेची गयी हैं।

क.3 जियांग्सू फेंगयुआन, चीन जन. गण.

विवरण	यूओएम	मूल्य
तीसरे देशों के निर्यात	मी टन	***
भारत को निर्यात	मी टन	***
कुल निर्यात	मी टन	***
पाटित की गई कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
तीसरे देशों को निर्यात में पाटित की गई मात्रा का हिस्सा	%	***
तीसरे देशों को निर्यात में क्षतिकारी मात्रा का हिस्सा	%	***
भारत की कीमत से कम पर निर्यात की जा रही मात्रा - आकर्षक मात्रा	मी टन	***
तीसरे देशों को निर्यात में भारत की कीमत से कम पर निर्यात की गई मात्रा का हिस्सा	%	***

146. चीन की जियांग्सू फेंगयुआन के निर्यात डेटा के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कुल (***) मी टन निर्यात में से, भारत को (***) मी टन निर्यात किया गया, जबकि बाकी सभी (तीसरे देश के) बाज़ारों में कुल मिलाकर (***) मी टन निर्यात किया गया। तीसरे देशों को किया गया समस्त निर्यात पाटित की गई और क्षतिकारी कीमतों पर किया गया है। इसके अलावा, (***) मी टन निर्यात, अर्थात तीसरे देशों को किए गए निर्यात का ***% हिस्सा भारतीय बाज़ार की कीमत से कम कीमत पर बेचा गया है।

ख. थाइलैंड

ख.1 लोफ्टन, थाइलैंड

विवरण	यूओएम	मूल्य
लोफ़्टेन, थाईलैंड से तीसरे देश को निर्यात	मी टन	***
पाटित की गई कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
तीसरे देश को किए जाने वाले निर्यात में पाटित की गई मात्रा का हिस्सा	%	***
तीसरे देश को किए जाने वाले निर्यात में क्षतिकारी मात्रा का हिस्सा	%	***
भारत की कीमत से कम कीमत पर निर्यात की जा रही मात्रा - आकर्षक मात्रा	मी टन	***
तीसरे देश को किए जाने वाले निर्यात में भारत की कीमत से कम पर निर्यात की गई मात्रा का हिस्सा	%	***

147. थाईलैंड की कंपनी 'लोफ्टेन' के निर्यात डेटा के विश्लेषण से यह पता चलता है कि भारतीय बाज़ार ही निर्यात का मुख्य स्थान है; भारत को (***) मी टन निर्यात किया गया, जबकि बाकी सभी बाज़ारों में कुल मिलाकर केवल (***) मी टन निर्यात किया गया। तीसरे देशों को किया गया सारा निर्यात 'पाटित' और क्षतिकारी कीमतों पर किया गया है। हालाँकि, तीसरे देशों को किए गए निर्यात का (***) मी टन निर्यात (अर्थात ***%) हिस्सा भारतीय बाज़ार की कीमत से कम कीमत पर बेचा गया, लेकिन कुल मांग की तुलना में यह बहुत ही कम हिस्सा है।

ख.2 डिंगहेंग थाइलैंड

विवरण	यूओएम	मूल्य
डिंगहेंग से तीसरे देश को निर्यात	मी टन	***
पाटित की गई कीमतों पर निर्यात	मी टन	***

क्षतिकारी कीमतों पर निर्यात	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में पाटित की गई मात्रा का हिस्सा	%	***
तीसरे देश को निर्यात में क्षतिकारी मात्रा का हिस्सा	%	***
भारत की कीमत से कम पर निर्यात की जा रही मात्रा - आकर्षक मात्रा	मी टन	***
तीसरे देश को निर्यात में भारत की कीमत से कम पर निर्यात की गई मात्रा का हिस्सा	%	***

148. डिंगहेंग थाईलैंड के निर्यात डेटा के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंपनी तीसरे देशों को बड़े पैमाने पर निर्यात करती है और भारतीय बाज़ार में भी उसका निर्यात काफ़ी अधिक है। इसके निर्यात का ***% हिस्सा पाटित की गई कीमतों पर किया जाता है और तीसरे देशों को किए गए निर्यात का ***% हिस्सा क्षतिकारी कीमतों पर किया गया था। इसके अलावा, करीब (***) मी टन वस्तुएं –जो तीसरे देशों को किए गए कुल निर्यात का ***% हैं–उस कीमत से कम पर बेची गई हैं जिस पर भारत को वस्तुओं का निर्यात किया गया था।

ठ. <u>भारतीय उद्योग के हित और अन्य मामले</u>

ठ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

149 भारतीय उद्योग के हितों के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. मौजूदा पाटनरोधी शुल्क और 7.5% का लागू सीमा शुल्क पहले से ही घरेलू उद्योग को पर्याप्त सुरक्षा देता है। बिना उचित जांच और संभावना का पता लगाए इसे जारी रखने या इसे बढ़ाने से डाउनस्ट्रीम उद्योग पर अतिरिक्त लागत का बोझ पड़ेगा।

ख. यदि शुल्क जारी रखा जाता है, तो बढ़ी हुई इनपुट लागत का बोझ अंततः अंतिम उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा, विशेष रुप से तब, जब चीन से आयात पहले ही

कम हो गया है और क्यूसीओ से जुड़े नियमों के कारण और भी सीमित हो गया है।

ग. थाईलैंड के एक निर्यातक, लोफ्टेन ने बताया कि जब लोफ्टेन का निर्यात कम हुआ है, तब घरेलू उद्योग का उत्पादन और बिक्री बढ़ी है।

घ. जनहित की दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि अंतिम उपभोक्ता केवल घरेलू उत्पादकों पर ही निर्भर न रहें, ताकि वैकल्पिक स्रोत बने रहें और संरक्षणवादी नीतियों के कारण लागत में बढ़ोतरी को रोका जा सके।

ङ. केवल इसलिए अंतिम उपभोक्ताओं पर अधिक लागत का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग अपना लाभ बढ़ाना चाहता है।

च. भले ही घरेलू उद्योग पर पहले से तय प्रभाव को मान भी लिया जाए, फिर भी उस प्रभाव का स्तर शुल्कों में और बढ़ोतरी को उचित नहीं ठहराता है।

ठ.2 घरेलू उद्योग के विचार

150 घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हितों के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. मौजूदा जांच में अंतिम उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव बहुत ही कम है और न के बराबर है।

ख. अलग-अलग अंतिम उपभोक्ताओं पर इसका मापा गया प्रभाव 0.026% से 4.36% के बीच है। हाउस फ़ॉइल पर प्रभाव 3.5% और एसआरसी फ़ॉइल पर प्रभाव 4.36% है।

ग. इसके अलावा, शुरुआती जांच और चीन के खिलाफ 2025 के निष्कर्ष में, प्राधिकारी ने यह माना था कि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना जनहित में है।

घ. डाउनस्ट्रीम लागत पर विचार करने के संबंध में प्रतिवादी का तर्क अटकलों पर आधारित है और बिना किसी ठोस आधार के है। वैकल्पिक स्रोतों को बनाए रखने के तरीके के रुप में पाटन को सही नहीं ठहराया जा सकता।

ङ. जनहित के लिए निष्पक्ष व्यापार ज़रूरी है ताकि डाउनस्ट्रीम उद्योगों को इनपुट बिना पाटन और बिना क्षतिकारी कीमतों पर मिल सकें। लगातार पाटन होने से बाज़ार विकृत होगा और घरेलू उत्पादकों को क्षति होगी और अंततः इससे लंबे समय के लिए स्रोत के विकल्प बढ़ने के बजाय कम हो जाएंगे।

च. संबद्ध देशों के उत्पादक अपना राजस्व ज़्यादा से ज़्यादा करना चाहते हैं और यदि किसी दूसरे बाज़ार में बेहतर कीमतें मिलती हैं तो वे अपनी बिक्री का रुख उधर कर देंगे; भारत या इसके उपभोक्ताओं में उनका कोई दीर्घकालिक हित नहीं है। इसके विपरीत, भारतीय उद्योग स्थानीय होने के कारण उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखेगा।

छ. संबद्ध देशों पर शुल्क लगाए जाने से कोई एकाधिकार की स्थिति या कमी उत्पन्न नहीं होगी क्योंकि सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और जर्मनी जैसे अन्य देशों से भी पर्याप्त आयात उपलब्ध है। इन देशों ने लगातार भारत को वस्तुओं की उचित और बिना पाटित कीमतों पर आपूर्ति की है।

ज. हाल के वर्षों में घरेलू बाज़ार में नई कंपनियों के आने से भारतीय उद्योग का विस्तार हुआ है। इसलिए, आपूर्ति में किसी रुकावट या उपभोक्ताओं पर किसी बुरे प्रभाव की आशंका नहीं है।

झ. लागू शुल्कों के कारण डाउनस्ट्रीम उत्पादकों पर किसी बुरे प्रभाव का कोई मामला सामने नहीं आया है।

ठ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

151. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि सामान्य तौर पर, व्यापार सुधार के उपायों का प्रयोजन अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं से घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करना और भारतीय बाज़ार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को फिर से कायम करना है, जो देश के व्यापक हित में है। पाटनरोधी उपायों को लागू करने या जारी रखने का प्रयोजन किसी भी तरह से संबद्ध देशों से आयातों को रोकना नहीं है। प्राधिकारी यह मानते हैं कि इन शुल्कों को लागू करने या जारी रखने से भारत में उत्पाद की कीमतों पर प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, इन उपायों को लागू करने या जारी रखने से भारतीय बाज़ार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी। इसके उलट, इन उपायों को लागू करने या जारी रखने से यह सुनिश्चित होगा कि कोई अनुचित लाभ न उठाया जाए, घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में गिरावट को रोका जा सके और संबद्ध वस्तुओं के उपभोक्ताओं के लिए ज़्यादा विकल्प उपलब्ध रहें। इसलिए, प्राधिकारी का यह मानना है कि पाटनरोधी उपायों को लागू करने से संबद्ध देशों से आयातों पर कोई रोक नहीं लगेगी और इसलिए, उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

152. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों से राय जानने के लिए एक जांच शुरुआत अधिसूचना जारी की। प्राधिकारी ने प्रयोक्ताओं/ उपभोक्ताओं के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की ताकि वे मौजूदा जांच के संबंध में ज़रूरी जानकारी दे सकें, जिसमें उनके कामकाज पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव भी शामिल है। प्राधिकारी ने अलग-अलग देशों के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की अदला-बदली की क्षमता, घरेलू उद्योग की स्रोत को बदलने की क्षमता, उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव, और पाटनरोधी शुल्क लागू होने से बनी नई स्थिति के अनुसार ढलने की प्रक्रिया को तेज़ या धीमा करने वाले कारकों के बारे में जानकारी मांगी।

153. घरेलू उद्योग ने अपनी 'आर्थिक हित प्रश्नावली' में डाउनस्ट्रीम उद्योग पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन किया है और चीन जन. गण. से एल्युमीनियम फॉयल पर की गई 'निर्णायक समीक्षा' जांच का भी हवाला दिया है, जिसमें दिनांक 14 मार्च 2022 के अंतिम जांच परिणाम सं. 7/27/2021 के तहत निम्नलिखित उल्लेख किया गया था:

इस मामले में अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से प्रदान की गई सूचना पर विचार किया गया है। उपभोक्ता उद्योग द्वारा बताए गए शुल्क के प्रभाव के बारे में, प्राधिकारी का यह कहना है कि यह जांच एक 'निर्णायक समीक्षा' जांच है। इसलिए, भविष्य में उपभोक्ताओं पर प्रस्तावित शुल्क के प्रभाव पर विचार करने से पूर्व, प्राधिकारी को पहले उस शुल्क के प्रभाव पर विचार करना चाहिए जो पहले लगाया गया था। ऐसी स्थिति में जहां पाटनरोधी शुल्क पिछले चार वर्षों से भी अधिक समय से लागू है, उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी (कच्चे माल की कीमत में बदलाव के लिए ज़रूरी समायोजन किए जाने के बाद) और उसके प्रभाव, उपभोक्ताओं पर प्रस्तावित शुल्क के संभावित प्रभाव का सबसे अच्छा संकेत है। शुल्क लगने के बाद घरेलू और आयातित उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए इस प्रभाव का पता लगाना ज़रूरी है। यह देखने में आया है कि घरेलू उद्योग या चीन के उत्पादकों की ओर से उत्पाद की कीमत में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग का निवेश पर प्रतिफल पर काफी कम है। इसलिए यह परिणाम निकाला जा सकता है कि न तो घरेलू उद्योग और न ही आयात में उस मात्रा में बढ़ोतरी हुई है जितना पहले लगाया गया पाटनरोधी शुल्क था। उत्पाद की कीमत में उतनी बढ़ोतरी भी नहीं हुई जितनी पहले लगाया गया पाटनरोधी शुल्क था, इसलिए यह मानना सही नहीं होगा कि शुल्क जारी रहने के कारण भविष्य में उत्पाद की कीमत पाटनरोधी शुल्क की मात्रा के बराबर बढ़ेगा ।

यह तर्क भी दिया गया है कि घरेलू उद्योग जांच की अवधि में और जांच की अवधि के बाद कन्वर्ज़न लागत और एलएमई कीमतों में बिना किसी संबंधित बढ़ोतरी के अपनी कीमतें बढ़ा रहा है। प्राधिकारी ने एलएमई कीमतों के साथ घरेलू उद्योग की कीमतों में मासिक बढ़ोतरी की जांच की है। यह देखा गया है कि जहां बिक्री की कीमत में 6% की बढ़ोतरी हुई, वहीं एलएमई कीमतों में 44% की बढ़ोतरी हुई है। इस तरह, यह दावा गलत है कि उद्योग ने लागू पाटनरोधी का गलत इस्तेमाल किया है। यह भी देखा गया है कि घरेलू उद्योग को पाटन वाले दूसरे स्रोत की वजह से क्षति हो रही थी और जांच की अवधि के बाद पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था। शुल्क लगाने से घरेलू उद्योग की बिक्री की कीमत में भी कुछ बढ़ोतरी होनी चाहिए थी, जो पाटन के चलते दबाव में थी। इसके अलावा, हालांकि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के जांच की अवधि के बाद के डेटा पर विचार नहीं किया, लेकिन रिकॉर्ड में मौजूद जानकारी से पता चलता है कि जांच की अवधि के बाद की अवधि में एलएमई कीमतों में और बढ़ोतरी हुई है।

154. प्राधिकारी का यह मानना है कि घरेलू उद्योग या चीन के उत्पादकों द्वारा उत्पाद की कीमत में कोई खास बढ़ोतरी नहीं की गई है। मौजूदा जांच में भी तथ्य वही हैं। इसलिए, शुल्क लगाए जाने या उसे जारी रखने का उपभोक्ताओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है, और शुल्कों को जारी रखना जनहित में है। ये शुल्क वर्ष 2017 से लागू हैं और किसी भी प्रयोक्ता उद्योग ने साक्ष्यों के साथ कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं दिखाया है।

155. यह देखा गया है कि एल्युमीनियम फॉइल पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से नए उत्पादक बाजार में आए हैं और मौजूदा क्षमता का विस्तार हुआ है। भारतीय उद्योग के वर्ष 2008 में केवल 12 उत्पादक थे जो संख्या बढ़कर वर्ष 2024-25 में लगभग 31 उत्पादकों तक पहुंच गई है। इसके अलावा, भारतीय उद्योग की क्षमता का पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इस तरह, संबद्ध वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। साथ ही, घरेलू उद्योग के अलावा, यूरोपीय संघ, अमेरिका, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और चीन, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया में भी कई अन्य उत्पादक हैं जो संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं।

156. किसी भी प्रयोक्ता/ आयातकर्ता/ अन्य संबद्ध पक्षकार ने आर्थिक हित से संबद्ध प्रश्नावली का उत्तर या कोई अन्य जानकारी नहीं दी है जिससे डाउनस्ट्रीम उद्योग या प्रयोक्ताओं पर शुल्क के प्रभाव का पता चले। घरेलू उद्योग ने यह अवगत कराया है कि अलग-अलग अंतिम प्रयोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव काफी कम था, जो 0.026% से 4.36% के बीच था, जैसा कि चीन से आयातित 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन रेंज वाली संबद्ध वस्तुओं की पिछली जांच में पाया गया था। इस दावे को साबित करने के लिए, घरेलू उद्योग ने डाउनस्ट्रीम उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली एल्युमीनियम फॉइल की कीमत और अलग-अलग इस्तेमाल में प्रति वर्ग मीटर इस्तेमाल होने वाली फॉइल की मात्रा की जांच करके अंतिम उपभोक्ताओं पर शुल्क के प्रभाव का आकलन किया। इस विश्लेषण में कई अंतिम-उपयोग वाले उत्पाद शामिल थे, जिनमें फार्मास्युटिकल स्ट्रिप पैक, ब्लिस्टर पैक और घरेलू फॉइल उत्पाद शामिल हैं, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दिखाया गया है।

क्र. सं.	फ़ॉइल का प्रकार	प्रभाव
क	फ़ार्मास्युटिकल ब्लिस्टर पैक	0.026%
ख	फ़ार्मास्युटिकल स्ट्रिप पैक	0.073%
ग	फ़ार्मास्युटिकल एल्यू एल्यू स्टॉक	0.073%
i	ब्लिस्टर फ़ॉइल	0.022%
ii	एल्यू एल्यू	0.046%
iii	टेल्मा	0.068%
d	फ़्लेक्सिबल पैकेजिंग	0.071%
e	हाउसफ़ॉइल	3.5%
f	एसआरसी	4.36%

स्रोत: घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत जानकारी

157. यह भी नोट किया गया है कि यदि कोई उपाय नहीं किए गए, तो घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है; जैसे कि कीमतों में और कमी आना, बिक्री घटना और

लाभ में और गिरावट आना। इन उपायों से घरेलू उद्योग भारतीय बाज़ार में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकेगा, खोया हुआ बाज़ार अंश वापस पा सकेगा और लाभ को उस स्तर तक ले जा सकेगा जो सामान्य प्रतिस्पर्धा की स्थिति में अपेक्षित होता है।

158. इसके अलावा, घरेलू उत्पादकों की व्यवहार्यता और स्थिरता से भारत में अपस्ट्रीम उद्योगों की मांग भी बढ़ेगी। परिणामस्वरुप, पाटनरोधी शुल्क लागू करना न केवल उन घरेलू उद्योगों के लिए लाभकारी है जो संबद्ध वस्तुओं को बनाते हैं, बल्कि उन अपस्ट्रीम निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के लिए भी लाभकारी है जो भारत में इस उद्योग की मूलय श्रृंखला को सहारा देते हैं। अतः प्राधिकरण यह निष्कर्ष निकालता है कि शुल्कों का जारी रहना लोकहित में है।

ड. प्रकटन पश्चात टिप्पणियां

159. नियमावली के नियम 16 के अनुसार, प्राधिकारी ने विचाराधीन अनिवार्य तथ्यों को प्रकट करते हुए दिनांक 3 सितंबर 2026 का प्रकटन विवरण जारी किया और सभी हितबद्ध पक्षकारों को उस पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए समय प्रदान किया। इन प्रस्तुतियों की जांच नीचे की गई है।

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

160. प्राधिकारी द्वारा प्रकट किए गए अनिवार्य तथ्यों पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से निम्नलिखित टिप्पणियां प्रस्तुत की गईं:

i. प्राधिकारी को निर्णायक समीक्षा को शुल्क के स्वतः विस्तार अथवा संवर्धन में परिवर्तित नहीं करना चाहिए, क्योंकि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 11.3 तथा अधिनियम की धारा 9क(5) के अंतर्गत सांविधिक उपधारणा यह है कि शुल्क पांच वर्ष के पश्चात समाप्त हो जाएगा, जब तक कि तथ्यात्मक आधार पर यह निर्धारित न किया जाए कि शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना है।

ii. प्रकटन विवरण, अगोपनीय आवेदन तथा लॉफ्टन के आंकड़ों से थाईलैंड के संबंध में उभरती तथ्यात्मक स्थिति, शुल्क के विस्तार अथवा संवर्धन के लिए निर्धारित मानक से कम है।

iii. थाईलैंड से आयात तथा लॉफ्टन के निर्यात में काफी गिरावट आई है, लॉफ्टन की क्षमता स्थिर बनी हुई है, तथा घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा प्रतिपादित क्षति, थाई आयातों के अतिरिक्त अन्य कारकों से प्रभावित है, जिनमें घरेलू प्रतिस्पर्धा, ब्याज लागत में वृद्धि, विस्तारित क्षमताएं, उत्पाद मिश्रण, तथा चीनी फॉइल पर पृथक शुल्कों की समाप्ति के पश्चात चीन से आयातों की गतिशीलता शामिल हैं।

v. विश्व व्यापार संगठन के अपीलीय निकाय ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि निर्णायक समीक्षा भविष्योन्मुखी होती है, और जांच प्राधिकारी के लिए विगत शुल्कों अथवा निरंतर आयातों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे यह निर्धारित करना होगा कि जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की प्रायिकता है या नहीं।

vi. यूएस-ओसीटीजी सनसेट रिव्यूज़ मामले में विश्व व्यापार संगठन के अपीलीय निकाय ने यह माना कि संभावना संबंधी निर्धारण पर्याप्त तथ्यात्मक आधार पर टिका होना चाहिए, जिससे तर्कसंगत एवं समुचित निष्कर्ष निकाले जा सकें। यूएस-ओसीटीजी फ्रॉम मेक्सिको मामले में अपीलीय निकाय ने अभिनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 11.3 के अनुसार शुल्क की समाप्ति तथा पाटन और क्षति के संभावित जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति के बीच संबंध होना आवश्यक है, जिसे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

vii. प्राधिकारी इस बात की उपेक्षा नहीं कर सकता कि अभिकथित भावी क्षति थाईलैंड पर शुल्क की समाप्ति के कारण है अथवा वह चीन, घरेलू प्रतिस्पर्धा, उच्च वित्त लागत, कच्चे माल की अस्थिरता, आंतरिक अक्षमताओं, उत्पाद मिश्रण या अन्य कारकों से जुड़ी है।

viii. चूंकि संवर्धन की मांग की गई है, अतः स्पष्ट साक्ष्यात्मक आधार की अपेक्षा महत्वपूर्ण है और इसे सुदृढ़ तथा वर्तमान साक्ष्यों द्वारा समर्थित होना चाहिए, जो यह दर्शाएं कि विद्यमान शुल्क संबंधित निर्यातक/देश से संभावित क्षतिकारी पाटन का समाधान करने में अपर्याप्त हो गया है, विशेष रूप से इस तथ्य के आलोक में कि प्राधिकारी ने हाल ही में संपन्न मध्यावधि समीक्षा जांच में संवर्धन के अनुरोध पर विचार करके उसे अस्वीकार कर दिया था।

ix. प्राधिकारी ने स्टॉक में परिवर्तन को विक्रय, सामान्य एवं प्रशासनिक (एसजीए) व्ययों के भाग के रूप में माना है, जो वस्तुसूची में परिवर्तन पर विचार किए बिना उत्पादन लागत निर्धारित करने की प्राधिकारी की विगत प्रथा के विपरीत है। डीजीटीआर की प्रचालन प्रथा नियमावली भी उत्पादन लागत का उल्लेख

करती है, न कि बिक्री की लागत का। अनुरोध है कि स्टॉक में परिवर्तन से संबंधित राशि को उत्पादन लागत से बाहर रखा जाए।

x. लॉफ्टन का निर्यात व्यवहार संभावना को असिद्ध करता है, क्योंकि थाईलैंड के अन्य कई निर्यातकों की तुलना में कम शुल्क दर होने के बावजूद, भारत को उसके निर्यात में काफी गिरावट आई है। इसके अलावा, थाईलैंड से भारत को कुल निर्यात में भी काफी गिरावट आई है, और लॉफ्टन की क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

xi. घरेलू उद्योग ने थाईलैंड से निर्यात में अपेक्षित वृद्धि तथा समग्र आकर्षण संबंधी व्यापक दावों पर भरोसा किया है, जो सामान्य कथन हैं और यह स्थापित नहीं करते कि लॉफ्टन द्वारा निर्यात पाटित अथवा क्षतिकारी कीमतों पर बढ़ेगा। अतः शुल्क की समाप्ति को पाटन और क्षति के संभावित जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति से जोड़ने वाला कोई सकारात्मक साक्ष्य नहीं है।

xii. लॉफ्टन पर विद्यमान शुल्क 93.53 अमेरिकी डॉलर/मी.टन है, जबकि डिंगहेंग थाईलैंड पर 100.07 अमेरिकी डॉलर/मी.टन है और चीन पर शुल्क कहीं अधिक हैं। इस संदर्भ में, यदि लॉफ्टन के पास घरेलू उद्योग द्वारा अभिकथित वाणिज्यिक प्रोत्साहन एवं क्षमता होती, तो कम शुल्क भार के बावजूद भारत को निर्यात इतनी तीव्रता से नहीं गिरता।

xiii. घरेलू उद्योग के आंकड़े उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्री, रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता में वृद्धि के साथ बेहतर मात्रात्मक निष्पादन दर्शाते हैं, जबकि थाईलैंड सहित संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई।

xiv. घरेलू उद्योग यह तर्क दे सकता है कि सुधार के बावजूद वह और अधिक वृद्धि कर सकता था, किंतु यह पर्याप्त एवं निर्णायक नहीं है। पाटनरोधी विधि घरेलू उद्योग को कोई लक्षित बाजार अंश अथवा उचित प्रतिस्पर्धा से संरक्षण की गारंटी नहीं देती।

xv. घरेलू उद्योग को हुई वित्तीय क्षति थाईलैंड के कारण होना नहीं दर्शाया गया है। घरेलू उद्योग की लाभप्रदता आधार वर्ष में सर्वाधिक थी, जब संबद्ध देशों तथा थाईलैंड से आयात भी सर्वाधिक थे, और जब थाईलैंड से आयात घटा तब लाभप्रदता में गिरावट आई, जिससे कारणात्मक कथानक खंडित होता है।

xvi. ब्याज लागत में तीव्र वृद्धि देखी गई है, कुल ब्याज लागत तथा प्रति इकाई दोनों में। प्रति इकाई कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) में गिरावट आई, किंतु ब्याज एवं कर-पूर्व लाभ (पीबीआईटी) तथा नकदी लाभ दोनों 2023-24 के ऋणात्मक स्तर

से सुधरकर जांच की अवधि में धनात्मक हो गए। अतः घरेलू उद्योग का निष्पादन वित्तपोषण लागत, पूंजी संरचना तथा विस्तार-संबंधी कारकों से प्रभावित है।

xvii. नए उत्पादकों द्वारा उत्पादन आरंभ किया जाना बढ़ती घरेलू प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। इस बाजार संरचना में, मार्जिन की हानि अथवा कीमत पर दबाव को स्वतः थाई आयातों के कारण नहीं माना जा सकता, विशेष रूप से थाईलैंड से घटते आयातों को देखते हुए।

xviii. वर्तमान पाटन एवं क्षति स्वयं संभावना स्थापित करने में प्रासंगिक हो सकते हैं, किंतु वे भविष्योन्मुखी संभावना विश्लेषण का स्थान नहीं ले सकते। लॉफ्टन के विरुद्ध नियोजित क्षमता वृद्धि, कीमत आक्रामकता, निर्यात मोड़, अप्रयुक्त क्षमता, वस्तुसूची संचय, अन्य बाजारों में बिक्री में असमर्थता, अथवा भारत को निर्यात बढ़ाने की किसी व्यावसायिक योजना का कोई विशिष्ट साक्ष्य अभिलेख पर नहीं रखा गया है।

xix. विशिष्ट संभावना निष्कर्ष के बिना थाईलैंड के विरुद्ध शुल्क को जारी रखना अथवा उसका संवर्धन, अनुप्रवाही प्रयोक्ताओं पर अतिरिक्त लागत एवं स्रोत संबंधी बाधाएं आरोपित करेगा। घरेलू आपूर्ति तथा उचित आयातों के साथ संतुलित बाजार के लिए प्रयोक्ताओं को केवल घरेलू उत्पादकों पर निर्भर नहीं बनाया जाना चाहिए।

xx. मलेशिया अथवा इंडोनेशिया के लिए पुनःलदान अथवा मूल के मिथ्या-निरूपण के अभिकथनों का लॉफ्टन अथवा थाईलैंड से कोई संबंध नहीं है। थाईलैंड अथवा चीन से जुड़े प्रवंचना के अभिकथनों के लिए साक्ष्य अपर्याप्त हैं।

xxi. अमेरिकी एल्यूमीनियम प्रशुल्कों में सामान्य वृद्धि का उपयोग 80 माइक्रोन और उससे कम एल्यूमीनियम फॉइल के भारत की ओर मोड़ की उपधारणा के लिए एक सरल मार्ग के रूप में नहीं किया जा सकता।

xxii. भारतीय बाजार की कीमत संवेदनशीलता पाटन स्थापित नहीं करती, क्योंकि अधिकांश मध्यवर्ती वस्तुएं कीमत के प्रति संवेदनशील होती हैं। प्राधिकारी को यह निर्धारित करना होगा कि क्या निर्यात कीमतें उचित पीसीएन-वार आधार पर पाटित हैं और क्या कोई संभावित भावी आयात क्षति कारित करेगा।

xxiii. आयातों का भारतीय मांग में “उल्लेखनीय पकड़” बनाए रखना एक भ्रामक कथन है, जब तक कि प्राधिकारी चीन और थाईलैंड के प्रभाव को पृथक न करे तथा पीसीएन-वार प्रवृत्तियों की जांच न करे।

xxiv. डिंगहेंग का सत्यापित पाटन मार्जिन 0-10% की सीमा में आता है, जो उचित एवं गैर-परभक्षी व्यापार प्रथाओं को दर्शाता है। तदनुसार, अल्पतर शुल्क नियम के अंतर्गत, शुल्क को पाटन मार्जिन अथवा क्षति मार्जिन में से जो कम हो, उस तक सीमित किया जाना चाहिए।

xxv. प्राधिकारी के दिनांक 26 मार्च 2025 के मध्यावधि समीक्षा निष्कर्षों ने शुल्क संवर्धन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था, यह नोट करते हुए कि आयात कीमतें और क्षतिरहित कीमत साथ-साथ चलीं। घरेलू उद्योग ने इन हाल के निष्कर्षों से विचलन को न्यायोचित ठहराने वाला कोई नया मध्यावधि समीक्षा-पश्चात साक्ष्य अथवा संरचनात्मक परिवर्तन प्रस्तुत नहीं किया है।

xxvi. घरेलू उद्योग की वित्तीय संवेदनशीलता तीव्र विस्तार तथा बढ़ती स्थिर लागतों के कारण है, जिसे अनिवार्य गैर-आरोपण विश्लेषण के अंतर्गत आयातों के कारण नहीं माना जा सकता।

xxvii. वर्तमान शुल्क 100.07 अमेरिकी डॉलर/मी.टन से शुल्क बढ़ाने से स्थानीय कन्वर्टरों के लिए कच्चे माल की आदान लागत बढ़ जाएगी। इसका प्रभाव घरेलू पैकेजिंग आपूर्ति शृंखला पर पड़ेगा, जिससे बेयर फॉइल को उपभोक्ता-तैयार पैकेजिंग में परिवर्तित करने वाले एमएसएमई की आर्थिक व्यवहार्यता प्रभावित होगी।

xxviii. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड के लिए शुल्क संवर्धन संबंधी घरेलू उद्योग के दावे को अस्वीकार करे तथा 100.07 अमेरिकी डॉलर/मी.टन की विद्यमान निश्चायक दर को बनाए रखे अथवा अनुप्रवाही भारतीय कन्वर्टरों की रक्षा करने और किसी आपूर्ति व्यवधान को रोकने के लिए सत्यापित 0-10% पाटन मार्जिन के अनुसार उसे और घटाए।

xxix. अंतिम निष्कर्षों तथा अंतिम निष्कर्षों की शुल्क तालिका में सही वर्तनी नोट की जानी चाहिए।

xxx. प्राधिकारी स्पष्ट रूप से यह नोट कर सकता है कि प्राधिकारी ने जांच की है कि थाई डिंग ली न्यू मैटेरियल्स कं. लिमिटेड ("टीडीएल") ने विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन बंद कर दिया है।

xxxi. डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कं. लिमिटेड ("डिंगहेंग"), शंघाई सनहो एल्युमिनियम फॉयल कं. लिमिटेड ("शंघाई सनहो"), जियांग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कं. लिमिटेड ("जियांग्सू झोंगजी") को सहयोगकर्ता उत्पादक/निर्यातक के रूप में

मानने के निर्णय तथा वास्तविक आंकड़ों के आधार पर सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत एवं पहुंच कीमत निर्धारित करने के निर्णय की पुष्टि की जाए।

xxxii. डिंगहेंग, शंघाई सनहो तथा जियांग्सू झोंगजी के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन सीमा तथा पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन सीमा की पुष्टि की जाए।

xxxiii. यदि पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की सिफारिश की जाती है, तो डिंगहेंग, शंघाई सनहो तथा जियांग्सू झोंगजी के लिए व्यक्तिगत पाटनरोधी शुल्क दर की सिफारिश की जानी चाहिए और वह मूल जांच में निर्धारित विद्यमान व्यक्तिगत पाटनरोधी शुल्क के समान ही होनी चाहिए, जैसा कि प्राधिकारी की सुसंगत प्रथा है।

xxxiv. घरेलू उद्योग की लागत के आधार पर चीन जन.गण. के लिए निर्मित सामान्य मूल्य (सीएनवी) के संबंध में अपर्याप्त प्रकटन है; प्रयुक्त लागत आधार की पद्धति, उसमें किए गए समायोजनों, तथा एसजी एंड ए एवं उचित लाभ घटकों के आधार की व्याख्या नहीं की गई है। निम्नलिखित का विश्लेषण करने के लिए अपनाई गई पद्धतियां स्पष्ट की जाएं: (क) क्या प्रयुक्त घरेलू उद्योग लागत अल्ट्रा-लाइट गेज अथवा अन्यथा तुलनीय उत्पाद प्रकारों पर आधारित थी; (ख) भारतीय लागत आधार में कौन-से विशिष्ट समायोजन किए गए और क्यों; (ग) क्या पैकिंग, कन्वर्जन, आदान तथा ऊपरी व्यय घटक उत्पाद-विशिष्ट थे; और (घ) सीएनवी के लिए अपनाए गए एसजी एंड ए तथा उचित लाभ का विधिक एवं तथ्यात्मक आधार। इन तत्वों को स्पष्ट करते हुए एक संशोधित प्रकटन का अनुरोध किया जाता है।

xxxv. संपूर्ण जांच की अवधि के एकल औसत पर ही निर्भर रहने के बजाय मासिक अथवा न्यूनतम त्रैमासिक तुलना अधिक उपयुक्त होगी। निर्मित सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग की लागत पर आधारित है, तथा लागत आधार में एल्यूमीनियम पिंड का एक प्रमुख कच्चा माल घटक शामिल है, जिसकी कीमतों में जांच की अवधि के दौरान उतार-चढ़ाव रहा। अतः घरेलू उद्योग की लागत के एकल वार्षिक औसत पर उल्लेखनीय अवधि-आंतरिक भिन्नताओं का प्रभाव पड़ता है और यह पाटन मार्जिन निर्धारण के प्रयोजन हेतु सर्वाधिक सटीक तुलना नहीं देगा। इस स्थिति में मासिक अथवा कम से कम त्रैमासिक तुलना उपयुक्त होगी।

xxxvi. प्रकटन विवरण, 5.5 माइक्रोन से कम फॉइल के लिए अनन्य रूप से सत्यापित घरेलू उत्पादन आंकड़ों, बिक्री आंकड़ों अथवा क्षति मापदंडों के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से स्थापित नहीं करता कि घरेलू उद्योग ने वास्तव में जांच की

अवधि के दौरान 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल का उत्पादन किया था। 0-<7 माइक्रोन पीसीएन श्रेणी को शामिल किया जाना, स्वयं में, विशेष रूप से 5.5 माइक्रोन से कम के सत्यापित घरेलू उत्पादन को सिद्ध नहीं करता। यदि ऐसा उत्पादन सत्यापित एवं वाणिज्यिक रूप से प्रातिनिधिक नहीं था, तो चीनी 5.5-माइक्रोन-से-कम निर्यातों के लिए सामान्य मूल्य निर्मित करने हेतु घरेलू उद्योग लागत का उपयोग तथा उस खंड के लिए क्षति विश्लेषण का समुचित आधार नहीं है। प्राधिकारी को अंतिम निष्कर्षों में यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल का उत्पादन किया और क्या ऐसा उत्पादन वाणिज्यिक रूप से प्रातिनिधिक था।

xxxvii. वर्तमान जांच में चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में मानते रहना विधिक आधार से रहित है। चीन के अभिगमन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क) पर रखा गया भरोसा अनुचित है और सरोगेट देश पद्धति के उपयोग की अनुमति देने वाला प्रावधान 11 दिसंबर 2016 को समाप्त हो गया।

xxxviii. बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार के लिए औपचारिक अनुरोध का अभाव मात्र निर्यातक आंकड़ों की स्वतः अस्वीकृति को न्यायोचित नहीं ठहरा सकता। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उत्तरदाता निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक लागत एवं कीमत सूचना की जांच करे।

xxxix. भारतीय मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद संबद्ध देशों से आयात में काफी गिरावट आई है, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री में काफी वृद्धि हुई है; अतः प्राधिकारी के अपने निष्कर्ष चीन के कारण क्षति स्थापित नहीं करते।

xl. 22% लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल (आरओसीई) का प्रयोग पुराना पड़ चुका है। यह 1987 में निर्धारित किया गया था, जब ब्याज दरें 18% तथा निगम कर दरें 40% थीं। प्राधिकारी को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करने वाला तथा घरेलू उद्योग को अनुचित लाभ दिए बिना उचित संरक्षण सुनिश्चित करने वाला अधिक यथार्थवादी, अद्यतन दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

xli. क्षतिरहित कीमत की गणना में लगाई गई पूंजी पर 22% प्रतिफल अपनाने का आधार स्पष्ट नहीं किया गया है, और झोंगजी के लिए प्रस्तावित क्षति मार्जिन पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव को देखते हुए प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह इसका आधार प्रकट करे।

xlii. घरेलू उद्योग के लागत आंकड़ों के सामान्यीकरण की मांग की गई है ताकि हाल के पूंजी विस्तार, बढ़े हुए मूल्यह्रास तथा नव-वर्धित क्षमता के उप-इष्टतम उपयोग के विरूपक प्रभाव को हटाया जा सके, क्योंकि 6 आवेदक कंपनियों में से 4 नए उत्पादक हैं और जांच की अवधि के दौरान क्षमता उपयोग इष्टतम से नीचे रहा।

xliii. जियांग्सू फैंगयुआन के लिए अनुमत संकीर्णतर निर्यात-समायोजनों, जिनसे 15-25% पाटन मार्जिन बना, तथा झोंगजी के लिए स्वीकृत व्यापकतर समायोजनों (25-35%) के बीच, भारत को निर्यात हेतु मोटे तौर पर समान निर्यात कीमतों के बावजूद, स्पष्ट असंगति है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह सत्यापित करे कि क्या जियांग्सू फैंगयुआन ने भारत को निर्यात पर सामान्यतः उपगत सभी प्रासंगिक बिक्री-पश्चात एवं निर्यात-संबंधी समायोजन, जिनमें बंदरगाह प्रहस्तन प्रभार, बैंक प्रभार, ऋण लागत, तथा कोई विक्रय व्यय अथवा कमीशन, यदि लागू हो, सम्मिलित हैं, सटीक रूप से प्रतिवेदित किए। यदि ऐसी लागतें उपगत हुई किंतु पूर्णतः प्रतिवेदित नहीं की गईं, तो फैंगयुआन के लिए वर्तमान में निर्धारित कारखाना-निर्गत निर्यात कीमत बढ़ा-चढ़ाकर हो सकती है, जिससे पाटन मार्जिन कम आंका जा रहा हो।

xliv. यूएस-करोज़न-रेज़िस्टेंट स्टील सनसेट रिव्यू मामले में विश्व व्यापार संगठन के अपीलीय निकाय ने मूल जांचों तथा निर्णायक समीक्षाओं के बीच अंतर की व्याख्या इस रूप में की कि इनका केंद्रबिंदु, क्रमशः, क्षतिकारी पाटन के अस्तित्व पर, बनाम इस बात पर होता है कि शुल्क की समाप्ति पर क्षतिकारी पाटन के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना है या नहीं।

xlv. अधिनियम की धारा 9क(5) के सरल पठन से यह स्पष्ट है कि संविधि सरकार को विद्यमान शुल्क की अवधि को "विस्तारित" करने का अधिकार देती है, न कि निर्णायक समीक्षा के अनुसरण में शुल्क की मात्रा का पुनर्निर्धारण करने का।

xlvi. नियम 23(1ख) इस बात को पुष्ट करता है कि निर्णायक समीक्षा संचालित करने का प्राथमिक कारण शुल्क को विस्तारित करने की आवश्यकता के विषय में निर्णय करना है, जो संभावना विश्लेषण पर केंद्रित है। प्राधिकारी के हाल के निर्णायक समीक्षा निष्कर्षों का विश्लेषण, संशोधित मार्जिनों के बावजूद, शुल्कों को जारी रखने की सिफारिश करने की एक सुसंगत प्रथा को उजागर करता है।

xlvii. यह अवलोकन कि पाटित आयातों ने इष्टतम क्षमता उपयोग को रोका, अभिलेख द्वारा समर्थित नहीं है, क्योंकि संबद्ध देशों से आयात, घरेलू उद्योग के उत्पादन की तुलना में नगण्य हैं।

xlviii. गोपनीय परिशिष्ट 1 सूचना से प्राप्त वास्तविक क्षमता सार्वजनिक क्षेत्र में नहीं है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह अंतिम निष्कर्षों में इसे कंपनी-विशिष्ट, आरोपित रूप में प्रकट न करे।

xlix. आर्थिक मापदंडों का आकलन क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना का समर्थन नहीं करता, क्योंकि संबद्ध देशों से आयात निरपेक्ष रूप से तथा उत्पादन एवं मांग के सापेक्ष दोनों में घटे हैं, और घरेलू उद्योग ने स्थापित क्षमता, उत्पादन, घरेलू बिक्री, बाजार अंश, रोजगार तथा मजदूरी में सुधार दर्शाया है। औसत वस्तुसूची में वृद्धि बिक्री में वृद्धि के समानुपाती है और इसे, स्वयं में, क्षति सूचक के रूप में नहीं माना जा सकता।

l. घरेलू उद्योग ने क्षति की अवधि के दौरान पर्याप्त निवेश करना तथा क्षमता जोड़ना जारी रखा है। ऐसा व्यवहार इस दावे के साथ असंगत है कि उद्योग को सारवान क्षति हो रही है।

li. क्षति की अवधि के दौरान लाभप्रदता, पीबीआईटी, नकदी लाभ तथा आरओसीई में गिरावट की जांच, क्षमता, उत्पादन, स्थिर परिसंपत्तियों, लगाई गई पूंजी, ब्याज लागतों तथा मूल्यह्रास में पर्याप्त वृद्धि के साथ मिलाकर की जानी चाहिए। क्षति की अवधि के दौरान उल्लेखनीय विस्तार तथा निवेश के परिणामस्वरूप वित्तीय एवं स्थिर लागतें बढ़ी हैं।

lii. बिक्री की लागत तथा विक्रय कीमत के बीच अंतर मात्र यह स्थापित नहीं कर सकता कि कीमत ह्रास संबद्ध देशों से आयातों के कारण हुआ था। आयातों की पहुंच कीमत ने कोई बढ़ती अथवा आक्रामक प्रवृत्ति नहीं दर्शाई है। प्राधिकारी को कीमत प्रभाव तथा संबद्ध आयातों के बीच स्पष्ट कारणात्मक संबंध स्थापित करना होगा।

liii. जिन संभावना कारकों पर भरोसा किया गया है, वे यह संभावना स्थापित नहीं करते कि उत्पादक/निर्यातक से आयात, शुल्क की समाप्ति पर, इस सीमा तक बढ़ेंगे कि क्षति कारित हो। प्राधिकारी को क्षति की अवधि के दौरान उत्तरदाता उत्पादकों के वास्तविक आचरण पर समुचित विचार करना चाहिए।

liv. जहां किसी उत्पादक के भारत को निर्यात घटे हैं और उसकी क्षमता स्थिर रही है, वहां भारत को निर्यात में संभावित वृद्धि मानने का कोई तथ्यात्मक आधार

नहीं है। संभावना संबंधी निष्कर्ष सकारात्मक साक्ष्य पर आधारित होना चाहिए, न कि निर्यातकों के व्यवहार संबंधी अनुमानों पर।

lv. विदेशी अधिकारिताओं द्वारा लगाए गए उपाय उनके संबंधित विधिक ढांचों, उत्पाद क्षेत्रों, जांच की अवधियों तथा बाजार परिस्थितियों पर आधारित हैं। ऐसे उपाय यह स्थापित नहीं कर सकते कि उत्तरदाता उत्पादक/निर्यातक द्वारा भारत को निर्यात बढ़ाने की संभावना है अथवा ऐसे निर्यात भारतीय उद्योग को क्षति कारित करेंगे।

lvi. घरेलू उद्योग पहले ही कई वर्षों से पाटनरोधी संरक्षण से लाभान्वित हुआ है और इस अवधि के दौरान उसने अपनी क्षमता तथा उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि की है। अतः शुल्कों को और जारी रखना, भारतीय उद्योग के उल्लेखनीय विस्तार के बावजूद, अतिरिक्त संरक्षण प्रदान करेगा।

lvii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट तथा संबद्ध आयातों के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है, क्योंकि उसी अवधि में संबद्ध देशों से आयात तीव्रता से गिरने के बावजूद लाभप्रदता में गिरावट आई।

lviii. डिंगहेंग, शंघाई सनहो तथा जियांग्सू झोंगजी की क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है, क्षमता उपयोग उच्च बना हुआ है, क्षमता निरंतर उच्च उपयोग के साथ अपरिवर्तित रही है, जिससे भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए कोई अधिशेष क्षमता शेष नहीं है। चीनी उत्पादकों की (मुक्त रूप से निपटान-योग्य के बजाय) संयुक्त कुल क्षमता पर, तथा चीन जन.गण. से संबंधित 5.5-माइक्रोन-से-कम विचाराधीन उत्पाद के बजाय सामान्यतः एल्यूमीनियम फॉइल की क्षमता पर भरोसा करना, संभावना संबंधी निष्कर्ष का वैध आधार नहीं है।

lix. यह दावा कि चीन ने 2024 में 15,60,000 मी.टन एल्यूमीनियम फॉइल (भारतीय मांग का लगभग आठ गुना) निर्यात किया, भ्रामक है, क्योंकि यह आंकड़ा सामान्यतः 0-200 माइक्रोन की एल्यूमीनियम फॉइल को शामिल करता है, जबकि इस समीक्षा में चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद 5.5 माइक्रोन से कम फॉइल तक सीमित है।

lx. मूल जांच के पश्चात भारतीय उद्योग की स्थिति में पर्याप्त परिवर्तन आया है; अब कम से कम 31 ज्ञात भारतीय उत्पादक विद्यमान हैं, 6 घरेलू उद्योग घटकों में से 4 ने उत्पादन क्षति की अवधि के दौरान ही आरंभ किया, और घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया है कि भारतीय उत्पादकों के पास अब मांग की

पूर्ति हेतु पर्याप्त क्षमता है, जिससे पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं बनता।

lxi. आयातों में वृद्धि की संभावना के आकलन हेतु संभावना का प्रासंगिक कारक 'पर्याप्त मुक्त रूप से निपटान-योग्य क्षमता' अथवा 'क्षमता में वृद्धि' है। विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों की कुल क्षमता क्षति की संभावना के आकलन का प्रासंगिक मानदंड नहीं है। डिंगहेंग के लिए प्रासंगिक अवधि के दौरान क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है और क्षमता उपयोग उच्च बना रहा है।

lxii. विचारित क्षमता, वर्तमान जांच में संबद्ध वस्तुओं, अर्थात 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल के बजाय, सामान्यतः एल्यूमीनियम फॉइल के लिए है। अतः घरेलू उद्योग का यह दावा कि संबद्ध देशों के सभी उत्पादकों/निर्यातकों की संयुक्त क्षमता भारतीय मांग से अधिक है, निरर्थक है और संभावना के दावे का समर्थन नहीं करता।

lxiii. खाद्य सुरक्षा एवं मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018 की अनुसूची IV में संशोधन किया गया है, जिससे भारत में एल्यूमीनियम फॉइल आधारित पान मसाला पैक के उपयोग पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लग गया है। परिणामस्वरूप, डिंगहेंग की एल्यूमीनियम फॉइल के निर्यात में पहले ही गिरावट आ चुकी है और अगस्त 2026 में शून्य रहे; अतः शुल्क को जारी रखना अब आवश्यक नहीं है, क्योंकि आयातों में कमी सांविधिक पैकेजिंग प्रतिबंध के कारण हुई है।

lxiv. उपर्युक्त पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जिस सीमा तक घरेलू उद्योग पहले ही सुदृढ़ हो चुका है तथा मूल शुल्क का उपचारात्मक उद्देश्य प्राप्त हो चुका है, उसे देखते हुए, यदि प्राधिकारी फिर भी शुल्क को जारी रखता है, तो ऐसी निरंतरता को पूर्ण 5-वर्षीय अवधि के बजाय 2-3 वर्ष तक सीमित किया जाना चाहिए।

ड.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

161. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन विवरण के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां प्रस्तुत की गईं:

i. अभिहित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षतिरहित कीमत कम है और निरंतर पाटन का पर्याप्त रूप से उपचार नहीं करेगी।

ii. एसएसपीएल के लिए निर्धारित क्षतिरहित कीमत कम आंकी गई है; प्राधिकारी ने उत्पादन मात्रा को गलत रूप से लागू किया है, यह डेस्क सत्यापन के पश्चात प्राप्त सत्यापित उत्पादन आंकड़े के बजाय आरंभ के चरण में विचारित आंकड़े के अनुरूप है, जिसके परिणामस्वरूप प्रति इकाई स्थिर लागत कम हुई है। अतः इस प्रयोजन हेतु सत्यापित उत्पादन आंकड़ा अपनाया जाना चाहिए।

iii. लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल की गणना हेतु प्रयुक्त निवल स्थिर परिसंपत्ति (एनएफए) आधार ने एसएसपीएल की सूचना में सम्यक् रूप से प्रतिबिंबित कतिपय निगमित परिसंपत्तियों को अनुचित रूप से अपवर्जित किया है। चूंकि ये परिसंपत्तियां व्यवसाय में नियोजित हैं और सत्यापित अभिलेखों का भाग हैं, अतः उनके अपवर्जन का अनवधानतः प्रभाव पूंजी आधार को, और परिणामस्वरूप क्षतिरहित कीमत को, घटाने का पड़ता है। इसके अलावा, कर्मचारी हितलाभ तथा प्रायोजन व्ययों के प्रावधान को त्रुटिवश अस्वीकृत किया गया है। तदनुसार, इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

iv. एसवीईएल के लिए क्षतिरहित कीमत की गणना के संबंध में, प्राधिकारी ने कच्चे माल की लागत की गणना करते समय शुल्क-मुक्त लाभों के प्रभाव पर त्रुटिवश विचार नहीं किया; आयातित कच्चे माल पर प्राप्त सीमा शुल्क तथा उपकर से छूट केवल बाद में निर्यात की गई वस्तुओं के संबंध में उपलब्ध है, और चूंकि क्षतिरहित कीमत घरेलू बिक्री के संदर्भ में निर्धारित की जा रही है, अतः उपभोग किए गए कच्चे माल की कीमत, कंपनी द्वारा कच्चा माल आयात करते समय की गई निर्यात प्रतिबद्धता के कारण अदत्त सीमा शुल्क को जोड़ने के पश्चात निर्धारित की जानी चाहिए।

v. इसके अलावा, प्राधिकारी ने जीएल कोड 54500550 के 61.87 लाख रुपये के परिवहन व्ययों को त्रुटिवश अस्वीकृत किया है; इस जीएल कोड के संबंध में संपूर्ण विवरण तथा समर्थक ब्योरे सत्यापन प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत किए गए थे। इसे अनुमत किया जाना चाहिए।

vi. प्राधिकारी ने विदेशी मुद्रा हानि को इस आधार पर अनुचित रूप से अस्वीकृत किया है कि यह निर्यात बिक्री से संबंधित है, जबकि एसवीईएल के पास कोई निर्यात बिक्री नहीं है। यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त विदेशी मुद्रा हानि निर्यात वसूली के बजाय कच्चा माल (आयात) संव्यवहारों से संबंधित है। अतः इस पर तदनुसार विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा, विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण प्रचालनों के लिए धारित एवं उपयोग की गई एक पट्टाधृत भूमि

को, केवल उसके पट्टाधृत स्वरूप के कारण, एनएफए आधार से अपवर्जित किया गया है, जिस पर पुनर्विचार अपेक्षित है।

vii. रवि राज यूनिट II के लिए, 868.6 लाख रुपये का एक जीएसटी प्रोत्साहन (ऋणात्मक आंकड़े के रूप में प्रतिबिंबित) त्रुटिवश "अन्य आय" के अंतर्गत शामिल किया गया है। चूंकि ऐसे जीएसटी को गैर-लागत मद माना जाकर अपवर्जित किया जाता है, अतः ऐसे किसी राजस्व को भी अपवर्जित किया जाना चाहिए। जीएसटी को लागत के तत्व के रूप में अपवर्जित करना किंतु जीएसटी प्रोत्साहन को राजस्व के तत्व के रूप में मानना विरोधाभासी है।

viii. एलएसकेबी के लिए क्षतिरहित कीमत में त्रुटिवश प्रक्रियाधीन कार्य (डब्ल्यूआईपी) में परिवर्तन की मात्रा के बजाय उसके मूल्य को गणना में लिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी कच्चे माल की लागत बनी जो जांच की अवधि के दौरान कच्चे माल के वास्तविक भौतिक उपभोग के पूर्णतः अनुरूप नहीं है। इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा, प्राधिकारी ने कागज के ढक्कनों तथा टिश्यू (गैर-विचाराधीन उत्पाद) की बिक्री को त्रुटिवश अन्य आय के अंतर्गत शामिल किया है, जिसका प्रभाव विचाराधीन उत्पाद के लिए आरोप्य उत्पादन लागत को घटाने का रहा है। अतः इसे विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षतिरहित कीमत की गणना से अपवर्जित किया जाना चाहिए।

ix. उपर्युक्त सुधारों को प्रभावी करने से वर्तमान में निर्धारित की तुलना में उच्चतर क्षतिरहित कीमत बनेगी, और तदनुसार प्राधिकारी से अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे सुधार, जो उपयुक्त पाए जाएं, करने के पश्चात क्षतिरहित कीमत का पुनर्निर्धारण करे।

x. हिंडाल्को के लिए मुख्यालय/निगमित कार्यालय शीर्ष के अंतर्गत वेतन एवं मजदूरी, मूल्यह्रास तथा परिशोधन व्यय को अस्वीकृत किया गया है, जो अनुबंध III के पैराग्राफ vi के साथ असंगत है। इसे सुधारा जाए।

xi. प्राधिकारी ने निर्यात प्रोत्साहन के लिए दिए गए क्रेडिट को त्रुटिवश "अन्य आय के लिए क्रेडिट" शीर्ष के अंतर्गत विचारित किया है। क्षतिरहित कीमत वह काल्पनिक कीमत है जिस पर घरेलू उद्योग को विचाराधीन उत्पाद की घरेलू बिक्री पर क्षति नहीं होती, अतः निर्यात बिक्री पर प्रोत्साहनों का कोई प्रभाव नहीं होता।

xii. एल्यूमीनियम कच्चा माल आंतरिक अंतरण मूल्य निर्धारण नीति के अनुसार अन्य संयंत्रों से खरीदा गया है, जिसमें एक निश्चित छूट का हिसाब रखा जाता

है। प्राधिकारी ने इस निश्चित छूट को अस्वीकृत किया है, जो प्रचालन प्रथा नियमावली के खंड (m) में बंदी आदानों (कैप्टिव इनपुट्स) के व्यवहार के साथ असंगत है।

xiii. बंदी आदानों के लिए बाजार कीमत पर पहुंचने हेतु अंतरण कीमत में एक निश्चित छूट जोड़ी जानी आवश्यक है। इसे अस्वीकृत करने के परिणामस्वरूप आदान कीमत को बाजार दरों से नीचे विचारित किया गया है।

xiv. अतः घरेलू उद्योग को बंदी कच्चे माल के लिए बाजार कीमत के विचार से, साथ ही नियमावली के खंड (m) के अनुसार बंदी आदानों पर 22% प्रतिफल से, वंचित किया जा रहा है।

xv. कन्वर्जन एवं फैब्रिकेशन-अन्य जॉब वर्क प्रभार के अंतर्गत अभिलिखित व्ययों को अन्य विनिर्माण व्ययों/ऊपरी व्ययों की गणना से अपवर्जित किया गया है। जॉब वर्करों को बाजार आवश्यकताओं के अनुसार बड़ी कॉइल की छोटी पैकेजिंग में पैकेजिंग करने हेतु नियोजित किया जाता है। ये व्यय तत्पश्चात विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन हेतु उपगत उपभोक्ता उत्पाद प्रभाग (सीपीडी) व्ययों के रूप में अभिलिखित एवं प्रस्तुत किए जाते हैं।

xvi. अन्य यूनिटों के लिए कोई जॉब वर्क नहीं किया जाता और इस शीर्ष के अंतर्गत अभिलिखित व्यय, बाहरी जॉब वर्कर द्वारा किए जाने वाले फॉइल जॉब वर्क के संबंध में उपगत सीपीडी व्ययों से संबंधित हैं।

xvii. अनुबंध III का खंड (vii)(d) केवल "अन्य यूनिटों के लिए किए गए जॉब वर्क पर व्ययों" की अस्वीकृति की अनुमति देता है। यह विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से संबंधित उस जॉब वर्क पर घरेलू उद्योग द्वारा उपगत व्ययों की अस्वीकृति की अनुमति नहीं देता, जो उसकी ओर से किसी बाहरी जॉब वर्कर द्वारा किया जाता है।

xviii. प्राधिकारी ने अन्य विक्रय एवं वितरण व्ययों को समग्र रूप से क्षतिरहित कीमत के निर्धारण से अपवर्जित किया है, जिनमें विपणन तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन शामिल हैं, जो सामान्य व्ययों की प्रकृति के हैं और कारखाना-निर्गत-पश्चात व्यय नहीं हैं। संयंत्र में उपगत ये सामान्य व्यय केवल विचाराधीन उत्पाद के विपणन एवं दृश्यता के प्रयोजनों हेतु हैं।

xix. लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल की गणना करते समय, प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा दीर्घकालिक पट्टे पर धारित परिसंपत्तियों पर विचार नहीं किया, जिनमें वाहन

तथा संयंत्र एवं मशीनरी शामिल हैं, जो विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में प्रयुक्त तथा दीर्घकालिक उपयोग हेतु भुगतान की गई परिसंपत्तियां हैं।

xx. दीर्घकालिक पट्टे पर धारित परिसंपत्तियों को भारतीय लेखा मानक (Ind AS) 116 के अनुसार स्थिर परिसंपत्तियों का भाग माना जाता है और उनकी लागत की वसूली अन्य स्थिर परिसंपत्तियों के समान ही मूल्यह्रास के माध्यम से की जाती है।

xxi. थाईलैंड के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित करने में प्रतिवेदित कच्चे माल की लागत में विरूपण की उपेक्षा की गई है; घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया था कि प्रमुख कच्चा माल एफआरपी पाटित है और कुछ मामलों में संबद्ध चीनी उत्पादकों से उचित मूल्य से काफी नीचे कीमतों पर प्राप्त किया जाता है, अतः प्रतिवेदित लागत उत्पादन की स्वतंत्र-संव्यवहार (आर्म्स-लेंथ) लागत को प्रतिबिंबित नहीं करती। तथापि, पैराग्राफ 63-71 में प्राधिकारी ने लॉफ्टन लिमिटेड तथा डिंगहेंग लिमिटेड के लिए सामान्य मूल्य केवल प्रतिवेदित उत्पादन लागत पर निर्धारित किया है, बिना, जैसा कि विश्व व्यापार संगठन पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत अपेक्षित है, अंतर्निहित कच्चे माल की लागत की विश्वसनीयता पर कोई निष्कर्ष अभिलिखित किए। यह, बिना कारण बताए, मूल जांच के दृष्टिकोण से विचलन है, जहां सामान्य मूल्य प्रतिवेदित लागत के बजाय कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमत के संदर्भ में निर्धारित किया गया था।

xxii. अतः प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह इस विरूपण पर एक विशिष्ट निष्कर्ष अभिलिखित करे तथा थाई उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमत के संदर्भ में निर्धारित करे अथवा अन्यथा उपयुक्त समायोजन करे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रयुक्त लागत तर्कसंगत रूप से एक स्वतंत्र-संव्यवहार, अविरूपित उत्पादन लागत को प्रतिबिंबित करे।

xxiii. यदि थाईलैंड पर उच्चतर शुल्क नहीं लगाए जाते, तो घरेलू उद्योग को पर्याप्त संरक्षण नहीं मिलेगा और वह निरंतर पाटन का लक्ष्य बना रह सकता है, क्योंकि पूर्व में लगाया गया पाटनरोधी शुल्क थाईलैंड से पाटित आयातों के निरंतर अंतर्वाह को प्रभावी रूप से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं रहा है।

xxiv. वर्तमान जांच में क्षति मार्जिन, मध्यावधि समीक्षा में पाए गए क्षति मार्जिन से दोगुने से अधिक है, और पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन दोनों अब मूल जांच में पाए गए स्तरों से भी अधिक हैं।

xxv. थाई आयात उल्लेखनीय बने हुए हैं, तथा विद्यमान पाटनरोधी शुल्क के भुगतान के पश्चात भी घरेलू उद्योग की विक्रय कीमतों में कटौती करते रहते हैं।

xxvi. थाई उत्पादकों के चीन में संबद्ध उत्पादक हैं। जैसा कि यूरोपीय संघ तथा यूएसए के निष्कर्षों से स्थापित है, थाईलैंड का उपयोग चीनी-मूल की एल्यूमीनियम फॉइल के मार्ग के रूप में किया जाता रहा है। इसके अलावा, आयात आंकड़े थाईलैंड तथा चीन जन.गण. के बीच एक सुसंगत स्रोत-परिवर्तन प्रतिमान दर्शाते हैं–जब चीन जन.गण. से आयात पाटनरोधी शुल्क द्वारा बाधित थे, तब थाईलैंड से आयात बढ़े, और जब चीन जन.गण. पर शुल्क समाप्त हुआ और चीन जन.गण. से आयात पुनः वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य हो गए, तब थाईलैंड से आयात घटे। अतः प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह यह निष्कर्ष निकाले कि थाई निर्यातकों के मूल्य-निर्धारण व्यवहार में एक स्थायी गिरावट है।

xxvii. वर्तमान जांच में प्रकटन विवरण में प्रस्तावित क्षति मार्जिन तथा पाटन मार्जिन, संबद्ध देश के रूप में थाईलैंड के लिए मूल जांच तथा मध्यावधि समीक्षा में निर्धारित मार्जिनों से अधिक हैं। इसके अलावा, विद्यमान पाटनरोधी शुल्क सहित पहुंच कीमत का हिसाब लगाने के पश्चात भी थाईलैंड घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती करता रहता है।

xxviii. प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह चीन जन.गण., इंडोनेशिया, मलेशिया पर पाटनरोधी शुल्कों को जारी रखने तथा थाईलैंड पर शुल्कों के संवर्धन को अधिरोपित करे। पाटनरोधी शुल्क को 5 वर्ष की अवधि के लिए विस्तारित किया जाना चाहिए।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

162. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई प्रकटन-पश्चात प्रस्तुतियों की जांच की है। यह देखा गया है कि इनमें से अधिकांश प्रस्तुतियां उन तर्कों एवं दावों की पुनरावृत्तियां हैं, जिनकी इन अंतिम निष्कर्षों के प्रासंगिक पैराग्राफों में पहले ही जांच की जा चुकी है और आवश्यक समझी गई सीमा तक निपटान किया जा चुका है। संक्षिप्तता की दृष्टि से, प्राधिकारी ने इस प्रकटन-पश्चात जांच में ऐसी प्रस्तुतियों पर प्रत्युत्तरों को

दोहराने से परहेज किया है। तथापि, प्रकटन-पश्चात टिप्पणियों में पहली बार उठाई गई नई प्रस्तुतियों, साथ ही उन प्रस्तुतियों को, जिनका पूर्व में निपटान किया जा चुका है किंतु जिनकी आगे जांच करना आवश्यक समझा गया, नीचे संबोधित किया गया है।

163. चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य के निर्माण हेतु अपनाई गई पद्धति के प्रकटन की पर्याप्तता के संबंध में, प्राधिकारी नोट करता है कि प्रकटन विवरण में यह अभिलिखित किया गया है कि चीन जन.गण. के किसी भी उत्तरदाता उत्पादक/निर्यातक ने, अथवा चीन जन.गण. की सरकार ने, नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 1 से 6 के अनुसार चीन जन.गण. में प्रचलित कीमत अथवा लागत के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु अपेक्षित सूचना प्रस्तुत नहीं की, और तदनुसार सामान्य मूल्य अनुबंध I के पैराग्राफ 7 के अनुसार 'किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर, जिसमें समान वस्तु के लिए भारत में वास्तव में दी गई अथवा देय कीमत, जिसमें उचित लाभ मार्जिन सम्मिलित करने हेतु सम्यक् रूप से समायोजन किया गया हो, शामिल है' निर्धारित किया गया है। प्रकटन विवरण में यह भी अभिलिखित किया गया है कि सामान्य मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर, सम्यक् रूप से समायोजित करके, विक्रय, सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों तथा लाभों हेतु उचित वृद्धि के साथ निर्मित किया गया है। प्राधिकारी नोट करता है कि निर्मित सामान्य मूल्य, तत्संबंधी उत्पाद नियंत्रण संख्या के लिए घरेलू उद्योग की इष्टतमीकृत उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया है, और अंतर्निहित आंकड़े गोपनीय प्रकृति के हैं, क्योंकि वे घरेलू उद्योग के घटकों के सत्यापित लागत आंकड़े हैं, और प्रकट नहीं किए जा सकते। प्राधिकारी का मानना है कि किया गया प्रकटन नियम 16 की अपेक्षाओं के अनुरूप है, जो निर्णय के आधार बनने वाले विचाराधीन अनिवार्य तथ्यों के प्रकटन की अपेक्षा करता है, न कि किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार के गोपनीय लागत आंकड़ों के।

164. मासिक अथवा त्रैमासिक तुलना के अनुरोध के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि सुसंगत प्रथा यह है कि सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत संपूर्ण जांच की अवधि के लिए निर्धारित की जाए, तथा नियमावली के अनुबंध I के पैराग्राफ 4 के अनुसार, समान व्यापार स्तर पर और यथासंभव लगभग समान समय पर की गई बिक्री के संबंध में, उचित तुलना की जाए। वर्तमान मामले में, तुलना उत्पाद नियंत्रण संख्या के आधार पर

की गई है, जो विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न प्रकारों की भौतिक विशेषताओं तथा लागत में अंतर को संबोधित करती है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने प्रकटन विवरण से पूर्व किसी भी चरण पर कच्चे माल की कीमत में ऐसी प्रकृति एवं परिमाण के उतार-चढ़ाव का कोई साक्ष्य अभिलेख पर नहीं रखा, जिससे संपूर्ण जांच की अवधि के लिए तुलना अनुचित हो जाए, और न ही किसी पक्षकार ने ऐसी तुलना को संभव बनाने हेतु निर्धारित प्रारूप में अवधि-वार आंकड़े प्रस्तुत किए। तदनुसार, अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाता।

165. प्राधिकारी नोट करता है कि घरेलू उद्योग द्वारा 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल के उत्पादन तथा बिक्री की जांच एवं सत्यापन वर्तमान जांच के दौरान किया गया। घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के उक्त प्रकार का उत्पादन एवं बिक्री की है, और अल्ट्रा-लाइट गेज बेयर फॉइल से संबंधित उत्पाद नियंत्रण संख्या के अंतर्गत उसके संबंध में लागत एवं कीमत आंकड़ों को क्षतिरहित कीमत के निर्धारण में विचारित किया गया है। अतः यह दावा कि घरेलू उद्योग ने 5.5 माइक्रोन से कम एल्यूमीनियम फॉइल का उत्पादन स्थापित नहीं किया है, अभिलेख द्वारा समर्थित नहीं है।

166. इस तर्क के संबंध में कि 22% आरओसीईई पुराना पड़ चुका है, यह नोट किया जाता है कि 22% आरओसीईई मानदंड का उपयोग पाटनरोधी जांचों में निरंतर किया जाता रहा है, जो घरेलू उद्योग के लिए निवेश पर एक उचित प्रतिफल सुनिश्चित करता है। प्राधिकारी को इस विषय में अपनी स्थापित प्रथा से विचलन का कोई ठोस कारण नहीं मिलता।

167. संबद्ध आयातों की मात्रा तथा घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग संबंधी दावे के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा को क्षति की समूची अवधि के दौरान प्रवृत्त पाटनरोधी शुल्क के संदर्भ में देखा जाना आवश्यक है। निर्णायक समीक्षा में संबद्ध आयातों की मात्रा की प्रासंगिकता उस अवधि के दौरान, जब उपाय प्रवृत्त था, उसके निरपेक्ष परिमाण में नहीं, बल्कि इस बात

में निहित है कि वह शुल्क के बावजूद निर्यातकों की भारतीय बाजार में क्षमता एवं निरंतर रुचि के संबंध में क्या दर्शाती है, और उसकी समाप्ति पर क्या घटित होने की संभावना है। प्राधिकारी ने, इन निष्कर्षों में, यह अभिलिखित किया है कि आयात उल्लेखनीय बने हुए हैं तथा संबद्ध देशों से आयात पाटनरोधी शुल्क जोड़ने के पश्चात भी कीमतों में कटौती कर रहे हैं। घरेलू उद्योग उप-इष्टतम क्षमता उपयोग स्तरों पर प्रचालन करता रहा है, उसकी लाभप्रदता, नकदी लाभ तथा निवेश पर प्रतिफल में गिरावट आई है, और उसकी विक्रय कीमत उसकी बिक्री की लागत से नीचे बनी रही है, जो घरेलू उद्योग की निरंतर संवेदनशीलता को स्थापित करता है।

168. आयातों में गिरावट तथा घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंडों में सुधार के संबंध में, प्राधिकारी नोट करता है कि निर्णायक समीक्षा एक भविष्योन्मुखी कार्य है और घरेलू उद्योग के कतिपय मात्रात्मक मापदंडों में अभिलिखित सुधार ऐसे बाजार में हुआ है जिसमें क्षति की समूची अवधि के दौरान पाटनरोधी शुल्क प्रवृत्त था। घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंडों में सुधार, पर्याप्त सीमा तक, नए उत्पादकों के प्रवेश तथा उन क्षमता विस्तारों के कारण है जिन्हें प्रवृत्त उपाय ने संभव बनाया, और इसे इस रूप में नहीं पढ़ा जा सकता कि घरेलू उद्योग उपाय के अभाव में आयातों का सामना कर सकेगा। प्राधिकारी आगे नोट करता है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में देखा गया सुधार बड़े पैमाने पर कतिपय मात्रात्मक मापदंडों तक ही सीमित है, जो स्वयं उप-इष्टतम स्तरों पर बने हुए हैं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के कीमत मापदंडों में गिरावट आई है, उसकी विक्रय कीमत 2023-24 से उसकी बिक्री की लागत से नीचे बनी रही है, और उसका लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल उचित स्तरों से काफी नीचे बना रहा है। वर्तमान समीक्षा में निर्धारित पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन, सहयोगकर्ता उत्पादकों/निर्यातकों के लिए भी, धनात्मक एवं उल्लेखनीय बने हुए हैं, और उत्तरदाता उत्पादकों/निर्यातकों के तीसरे देशों को निर्यात पाटित एवं क्षतिकारी कीमतों पर, तथा उल्लेखनीय सीमा तक उन कीमतों से नीचे पाए गए हैं जिन पर संबद्ध वस्तुएं भारत को निर्यात की जा रही हैं।

169. आयातों तथा घरेलू उद्योग की लाभप्रदता के बीच सहसंबंध के अभाव के संबंध में, प्राधिकारी नोट करता है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट ऐसी स्थिति में हुई

है जहां उसकी बिक्री की लागत बढ़ी, जबकि उसकी विक्रय कीमत तदनुरूप नहीं बढ़ी। घरेलू उद्योग की विक्रय कीमत, वस्तुतः, 2023-24 से उसकी बिक्री की लागत से नीचे बनी रही है। प्राधिकारी आगे नोट करता है कि यद्यपि चीन जन.गण., मलेशिया तथा इंडोनेशिया से आयात घटे हैं, थाईलैंड से आयात उल्लेखनीय बने हुए हैं। इसके अतिरिक्त, चीन जन.गण. से 5.5 माइक्रोन से अधिक एल्यूमीनियम फॉइल के संबंध में आयात, जो एक समानांतर प्रतिकारी शुल्क जांच के अधीन हैं और पाटनरोधी शुल्क के भी अधीन हैं, भारतीय बाजार में बने रहे हैं। प्राधिकारी नोट करता है कि प्रासंगिक विचारणीय बात केवल सभी संबद्ध देशों से आयातों की कुल मात्रा नहीं है, बल्कि वह कीमत भी है जिस पर प्रतिस्पर्धी आयात भारतीय बाजार में उपलब्ध हैं। इस संबंध में, थाईलैंड से आयात लागू पाटनरोधी शुल्क को सम्मिलित करने के पश्चात भी घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती करते रहे हैं। ऐसी कीमत कटौती, 5.5 माइक्रोन से अधिक खंड में चीन जन.गण. से आयातों की निरंतर उपस्थिति के साथ मिलकर, घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डालती रही है और बिक्री की लागत में वृद्धि के अनुरूप विक्रय कीमतें बढ़ाने की उसकी क्षमता को बाधित करती रही है। तदनुसार, कतिपय संबद्ध देशों से आयातों में गिरावट, थाईलैंड से निरंतर कम-कीमत आयातों तथा प्रासंगिक उत्पाद खंड में चीन जन.गण. से संबंधित आयातों के प्रभाव को निष्प्रभावी नहीं करती। अतः प्राधिकारी यह पाता है कि लाभप्रदता में गिरावट को केवल घरेलू उद्योग की लागतों में वृद्धि के कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि आयातों से, विशेष रूप से थाईलैंड तथा प्रासंगिक उत्पाद खंड में चीन जन.गण. से, निरंतर कीमत दबाव ने भी घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट में योगदान दिया है।

170. खाद्य सुरक्षा एवं मानक (पैकेजिंग) विनियम, 2018 में संशोधन संबंधी दावे के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी नोट करता है कि जिस संशोधन पर भरोसा किया गया है, वह 10 अगस्त 2026 से, अर्थात वर्तमान जांच में जांच की अवधि के काफी पश्चात, प्रवृत्त हुआ है। प्राधिकारी आगे नोट करता है कि पान मसाला पैकेजिंग विचाराधीन उत्पाद के कई अंत्य-उपयोगों में से केवल एक है, अन्य अंत्य-उपयोग फार्मास्युटिकल पैकेजिंग, लचीली खाद्य पैकेजिंग, घरेलू फॉइल, अर्ध-दृढ़ कंटेनर, सिगरेट एवं तंबाकू पैकेजिंग तथा कैपेसिटर एवं बैटरी अनुप्रयोग हैं, और भारत में विचाराधीन उत्पाद की कुल मांग अथवा भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यात में उक्त अंत्य-उपयोग के अंश को मात्रात्मक रूप देने हेतु कोई साक्ष्य अभिलेख पर नहीं रखा गया है। उक्त

घटनाक्रम, जांच की अवधि के पश्चात का तथा अमात्रात्मक होने के कारण, इन निष्कर्षों में अभिलिखित संभावना के निर्धारण से विचलन को न्यायोचित नहीं ठहराता।

171. यह नोट किया जाता है कि निर्यातक का सामान्य मूल्य/उत्पादन लागत, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के अनुसार, सत्यापित अभिलेखों के आधार पर तथा प्राधिकारी की स्थापित पद्धति एवं विगत प्रथा के अनुरूप निर्धारित किया गया है।

172. क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग तथा मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा की गई प्रस्तुतियों की जांच की है। प्राधिकारी नोट करता है कि क्षतिरहित कीमत, नियमावली के अनुबंध III में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार तथा व्यापार उपचार जांचों के लिए प्रचालन प्रथा नियमावली में अभिलिखित प्राधिकारी की सुसंगत प्रथा के अनुसार, घरेलू उद्योग के घटकों के सत्यापित लागत अभिलेखों के आधार पर निर्धारित की गई है, और अनुबंध III के पैराग्राफ (vii) के अंतर्गत अस्वीकार्य व्ययों को अपवर्जित किया गया है, उत्पाद के लिए पहचाने गए व्ययों को प्रत्यक्षतः आवंटित किया गया है, सामान्य व्ययों तथा ऊपरी व्ययों को तर्कसंगत एवं वैज्ञानिक आधार पर बांटा गया है, और जांच की अवधि तथा उससे पूर्ववर्ती तीन वर्षों में कच्चे माल, यूटिलिटीज़ एवं क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग को विचारित किया गया है।

173. वेतन, मजदूरी, कन्वर्जन एवं फैब्रिकेशन, अन्य जॉब वर्क प्रभार तथा निगमित/सामान्य व्ययों को केवल उस सीमा तक विचारित किया गया है, जहां तक वे विचाराधीन उत्पाद के लिए आरोप्य हैं तथा एक उपयुक्त एवं सत्यापित आवंटन पद्धति के आधार पर। व्यवसाय में अर्जित आय को भी विचाराधीन उत्पाद के लिए समुचित रूप से घटाया गया है। कच्चे माल के अंतर-यूनिट अंतरणों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि ऐसे अंतरण उसकी बहियों में बाजार कीमत से *** रुपये प्रति मी.टन की छूट पर अभिलिखित किए जाते हैं। तदनुसार, निर्धारण के प्रयोजन हेतु, प्राधिकारी ने किसी असमर्थित काल्पनिक अथवा समायोजित अंतरण मूल्य को अपनाने के बजाय, बहियों में अभिलिखित वास्तविक अंतरण मूल्य, जो जीएसटी के उद्ग्रहण का भी आधार बनता

है, को विचारित किया है। क्षतिरहित कीमत, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध III के अनुसार, सत्यापित अभिलेखों के आधार पर तथा प्राधिकारी की स्थापित पद्धति एवं विगत प्रथा के अनुरूप निर्धारित की गई है।

174. आगे यह नोट किया जाता है कि क्षतिरहित कीमत बही लागत का यांत्रिक पुनरुत्पादन नहीं है। अनुबंध III के अंतर्गत, असामान्य, असंबद्ध अथवा अक्षम तत्वों को अपवर्जित करने के पश्चात, केवल विचाराधीन उत्पाद के लिए आरोप्य तर्कसंगत एवं सत्यापित लागतों को ही विचारित किया जाता है।

175. प्राधिकारी नोट करता है कि वर्तमान कार्यवाही, इस बात का निर्धारण करने के प्रयोजन हेतु कि क्या प्रवृत्त पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना है, अधिनियम की धारा 9क(5) के साथ पठित नियमावली के नियम 23 के अंतर्गत आरंभ की गई एक समीक्षा है। उस संबंध में सकारात्मक निर्धारण अभिलिखित करने के पश्चात, प्राधिकारी मूल जांच के अनुसरण में निर्धारित दरों पर पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की सिफारिश करना उपयुक्त समझता है, जो निर्णायक समीक्षा जांचों में प्राधिकारी की सुसंगत प्रथा है। प्राधिकारी आगे नोट करता है कि थाईलैंड के संबंध में पाटनरोधी शुल्क की मात्रा के संवर्धन हेतु घरेलू उद्योग के अनुरोध की मध्यावधि समीक्षा जांच में विशिष्ट रूप से जांच की गई थी, और उसमें यह अभिनिर्धारित किया गया था कि यह स्थापित नहीं हुआ कि परिवर्तित परिस्थितियां स्थायी प्रकृति की थीं। वर्तमान समीक्षा में निर्धारित पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन, पाटन एवं क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना की जांच के प्रयोजन हेतु तथा इस अपेक्षा की पूर्ति हेतु निर्धारित किए गए हैं। तदनुसार, थाईलैंड के संबंध में पाटनरोधी शुल्क के संवर्धन हेतु घरेलू उद्योग का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाता। इसी प्रकार, उत्तरदाता उत्पादकों/निर्यातकों का यह अनुरोध कि उनके संबंध में मूल जांच के अनुसरण में निर्धारित व्यक्तिगत दरें जारी रखी जाएं, स्वीकार किया जाता है।

176. इन प्रस्तुतियों के संबंध में कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति थाईलैंड से आयातों के अतिरिक्त अन्य कारकों, जिनमें घरेलू प्रतिस्पर्धा, ब्याज लागतें, क्षमता विस्तार, उत्पाद मिश्रण तथा चीन जन.गण. से आयातों में वृद्धि शामिल हैं, के कारण है, प्राधिकारी ने प्रस्तुतियों तथा अभिलेख पर उपलब्ध सूचना की जांच की है। प्राधिकारी नोट करता है कि क्षमता में वृद्धि के परिणामस्वरूप लगाई गई पूंजी तथा संबद्ध लागतें, जिनमें मूल्यह्रास एवं ब्याज शामिल हैं, अधिक हुई हैं। तथापि, घरेलू उद्योग नियोजित अतिरिक्त पूंजी पर तदनुरूप प्रतिफल अर्जित करने में समर्थ नहीं रहा है। इसके विपरीत, उसका लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल घटा है और उचित स्तरों से काफी नीचे बना रहा है, जो यह दर्शाता है कि उसके वित्तीय निष्पादन में गिरावट को केवल क्षमता विस्तार से संबद्ध लागतों द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सकता।

177. प्राधिकारी नोट करता है कि भारतीय उद्योग के हित तथा लोकहित से संबंधित अन्य मुद्दों की जांच इन निष्कर्षों में उपयुक्त स्थान पर अभिलिखित की गई है। संबद्ध वस्तुओं के किसी भी आयातक अथवा प्रयोक्ता ने आयातक अथवा प्रयोक्ता का प्रश्नावली उत्तर अथवा आर्थिक हित प्रश्नावली उत्तर दाखिल नहीं किया है, अथवा अन्यथा अपने प्रचालनों पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव को मात्रात्मक रूप देने वाली कोई सूचना अभिलेख पर नहीं रखी है। संबद्ध वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क 2017 से प्रवृत्त है और प्रवृत्त शुल्क के प्रयोक्ताओं अथवा उपभोक्ताओं पर बड़े पैमाने पर किसी प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाने हेतु कोई साक्ष्य अभिलेख पर नहीं रखा गया है। इस तथ्य को देखते हुए कि प्राधिकारी वर्तमान में प्रवृत्त दरों पर ही पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की सिफारिश कर रहा है, और किसी संवर्धन की सिफारिश नहीं कर रहा है, अनुप्रवाही उद्योग पर संवर्धित शुल्क के प्रभाव के संबंध में व्यक्त की गई आशंका उद्भूत नहीं होती।

<u>ढ.निष्कर्ष</u>

178. उपर्युक्त अभिलिखित रूप में उठाए गए दावों, प्रदान की गई सूचना, की गई प्रस्तुतियों तथा प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और पाटन, क्षति तथा घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना के उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालता है कि:

i. विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र चीन जन.गण., इंडोनेशिया, मलेशिया तथा थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित “80 माइक्रोन और उससे कम एल्यूमीनियम फॉइल” है, जिसमें पैराग्राफ 21 में उल्लिखित उत्पाद प्रकार अपवर्जित हैं।

ii. संबद्ध वस्तुएं सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के उपशीर्ष 7607 के अंतर्गत वर्गीकृत हैं। संबद्ध वस्तुओं के आयात भारत में सीमा शुल्क उपशीर्षों 76071190, 76072090, 76072010, 76071110, 76071999, 76071991, 76071995, 76071910, 76071994, 76071993 तथा 76071992 के अंतर्गत प्रवेश करते हैं।

iii. निर्णायक समीक्षा जांच के आरंभ हेतु आवेदन मेसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेसर्स एलएसकेबी एल्युमिनियम फॉइल्स प्रा. लिमिटेड, मेसर्स रवि राज फॉइल्स लिमिटेड, मेसर्स श्री वेंकटेश्वर इलेक्ट्रोकास्ट प्रा. लिमिटेड, मेसर्स श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड तथा मेसर्स एसआरएफ एल्टेक लिमिटेड द्वारा दाखिल किया गया है।

iv. अभिलेख पर उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि आवेदकों द्वारा उत्पादन भारतीय उत्पादन के एक प्रमुख अनुपात का गठन करता है। अतः प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग का गठन करते हैं और आवेदन नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंड को पूरा करता है।

v. घरेलू उत्पादक जांच की अवधि में सामूहिक रूप से लगभग 37% क्षमता तथा 56.82% उत्पादन रखते हैं।

vi. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएं, संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तुओं के लिए “समान वस्तु” हैं।

vii. घरेलू तथा आयातित उत्पादों के बीच उचित तुलना सुनिश्चित करने तथा पाटन स्थापित करने के लिए, प्राधिकारी ने एक पीसीएन प्रणाली अपनाई है तथा पीसीएन-वार आंकड़ों को विचारित करके पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन स्थापित किया है।

viii. थाईलैंड तथा इंडोनेशिया से आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं। कीमत कटौती के कारण घरेलू उद्योग को कीमत ह्रास सहना पड़ा है।

ix. क्षति की अवधि में क्षमता, उत्पादन तथा घरेलू बिक्री मात्रा में वृद्धि हुई है।

x. आवेदकों के पास विद्यमान मांग की पूर्ति हेतु अधिशेष क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग भारतीय बाजार में मुश्किल से 31% का अंश रखता है।

xi. जांच की अवधि में पाटित आयातों के परिणामस्वरूप लाभप्रदता में गिरावट आई है और यह 2023-24 में ऋणात्मक हो गई, जिससे घरेलू उद्योग को हानियां हुईं। क्षति की अवधि में नकदी लाभ तथा निवेश पर प्रतिफल में गिरावट आई है। जांच की अवधि में निवेश पर प्रतिफल मुश्किल से 0.32% पर धनात्मक है।

xii. जांच की अवधि में आवेदकों की औसत वस्तुसूची में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

xiii. पाटित आयातों ने कीमत मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है।

xiv. प्राधिकारी ने अन्य पक्षकारों द्वारा किसी अन्य कारक, जो घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर सकता था, पर की गई प्रस्तुतियों की जांच की है। किसी अन्य कारक ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं की है। प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालता है कि घरेलू उद्योग को हुई सारवान क्षति संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण हुई है।

xv. शुल्कों के प्रवृत्त होने के बावजूद, उल्लेखनीय आयात हैं, विशेष रूप से थाईलैंड से।

xvi. अन्य वैश्विक जांच प्राधिकारियों ने चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों के विरुद्ध उपाय लगाए हैं, अतः चीन जन.गण. तथा थाईलैंड द्वारा देश में आक्रामक रूप से निर्यात किए जाने की संभावना है।

xviii. चीनी निर्यातक अत्यधिक निर्यात-उन्मुख हैं और यदि शुल्क समाप्त होते हैं तो उनके द्वारा अधिक मात्रा में निर्यात किए जाने की संभावना है।

xix. शुल्कों के प्रवृत्त होने पर भी घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है, अतः शुल्कों के बिना कीमत कटौती और बढ़ जाएगी।

xx. आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनसे घरेलू उद्योग की कीमतों के उल्लेखनीय सीमा तक ह्रास अथवा न्यूनीकरण की संभावना है।

xxi. थाईलैंड के उत्पादकों द्वारा भी अधिक मात्रा में निर्यात किए जाने की संभावना है।

xxii. पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग संवेदनशील बना हुआ है।

xxiii. अभिलेख पर उपलब्ध सूचना यह दर्शाती है कि यदि प्रवृत्त पाटनरोधी शुल्क को इस चरण पर समाप्त होने दिया जाता है, तो पाटन के जारी रहने की संभावना तथा घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने/पुनरावृत्ति की संभावना है।

179. प्रवृत्त शुल्कों के सकारात्मक प्रभाव के कारण, न केवल नए उत्पादक बाजार में आए, बल्कि भारतीय उद्योग द्वारा इस उत्पाद में उल्लेखनीय उत्पादन क्षमता भी विकसित की गई। भारतीय उद्योग की बेहतर स्थिति ने उच्च-मूल्य विशिष्ट उत्पादों में विविधीकरण को भी संभव बनाया है। यह विविधीकरण यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग स्थिर नहीं है, बल्कि उन्नत उपभोक्ता एवं औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकसित हो रहा है। इसके अलावा, भारतीय उद्योग के पास अब भारतीय मांग की पूर्ति हेतु अधिशेष क्षमता है।

180. उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव नगण्य है। अतः यह मानने का कोई कारण नहीं है कि वर्तमान उपाय को जारी रखने से देश में विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में वृद्धि की संभावना है।

ण. सिफारिश

181. प्राधिकारी नोट करता है कि वर्तमान कार्यवाही लागू विधि के अनुसार संचालित की गई। सभी हितबद्ध पक्षकारों को सम्यक् रूप से अधिसूचित किया गया और उन्हें जांचाधीन मामलों, जिनमें पाटन, क्षति, कारणात्मक संपर्क, पाटन एवं क्षति के जारी रहने की संभावना तथा भारतीय उद्योग पर उपायों का प्रभाव शामिल हैं, पर सूचना प्रदान करने तथा अपने विचार प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया। निर्णायक समीक्षा के अनुसरण में, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि वर्तमान मामले में विद्यमान पाटनरोधी शुल्कों को और पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी रखना अपेक्षित है।

182. प्राधिकारी, वर्तमान जांच में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई प्रस्तुतियों की जांच करने के पश्चात, संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के सभी आयातों पर पांच वर्ष की अवधि के लिए नीचे दी गई शुल्क तालिका के स्तंभ 7 में दर्शाए गए आंकड़े के बराबर निश्चायक शुल्कों को जारी रखने की सिफारिश करना उपयुक्त एवं आवश्यक समझता है। अतः, मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए, जैसा कि ऊपर स्थापित किया गया है, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के सभी

गैर-गोपनीय

आयातों पर नीचे दी गई शुल्क तालिका के स्तंभ 7 में दर्शाई गई राशि के बराबर पाटनरोधी शुल्क को विस्तारित करने की सिफारिश की जाती है।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	शीर्ष/उप-शीर्ष	माल का विवरण	मूल का देश	निर्यात का देश	उत्पादक/निर्यातक	राशि	माप की इकाई (मी.टन)	मुद्रा
क्र.सं.	शीर्ष/उप-शीर्ष	माल का विवरण	मूल का देश	निर्यात का देश	उत्पादक/निर्यातक	राशि	माप की इकाई (मी.टन)	(यूएसडी)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	7607	80 माइक्रोन और उससे कम एल्यूमीनियम फॉइल*	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	मेसर्स जियांग्सू झोंगजी लैमिनेशन मैटेरियल्स कं. लिमिटेड	506.81	मी.टन	यूएसडी
2	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	मेसर्स शंघाई सनहो एल्युमिनियम फॉयल कं. लिमिटेड	398.45	मी.टन	यूएसडी
3	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	मेसर्स जियांग्सू फेंगयुआन एल्युमिनियम एमस्टार टेक्नोलॉजी कं. लिमिटेड	510.24	मी.टन	यूएसडी
4	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई भी देश	क्र.सं. 1 से 3 पर उल्लिखित के अलावा कोई भी उत्पादक	976.99	मी.टन	यूएसडी
5	-वही-	-वही-	चीन जन.गण., इंडोनेशिया,	चीन जन.गण.	कोई भी	976.99	मी.टन	यूएसडी

			मलेशिया और थाईलैंड के अलावा कोई भी देश					
6	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई भी देश	मेसर्स डिंगहेंग न्यू मैटेरियल्स कं. लिमिटेड	100.07	मी.टन	यूएसडी
7	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई भी देश	मेसर्स लॉफ्टन (थाईलैंड) कं. लिमिटेड	93.53	मी.टन	यूएसडी
8	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई भी देश	क्र.सं. 6 और 7 पर उल्लिखित के अलावा कोई भी उत्पादक	339.93	मी.टन	यूएसडी
9	-वही-	-वही-	चीन जन.गण., इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के अलावा कोई भी देश	थाईलैंड	कोई भी	339.93	मी.टन	यूएसडी
10	-वही-	-वही-	मलेशिया	मलेशिया के अलावा कोई भी देश	कोई भी	850.45	मी.टन	यूएसडी
11	-वही-	-वही-	चीन जन.गण., इंडोनेशिया, मलेशिया	मलेशिया	कोई भी	850.45	मी.टन	यूएसडी

			और थाईलैंड के अलावा कोई भी देश					
12	-वही-	-वही-	इंडोनेशिया	इंडोनेशिया के अलावा कोई भी देश	कोई भी	422.28	मी.टन	यूएसडी
13	-वही-	-वही-	चीन जन.गण., इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के अलावा कोई भी देश	इंडोनेशिया	कोई भी	422.28	मी.टन	यूएसडी

*नोट- सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है, और पाटनरोधी शुल्क का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के अनुसार किया जाएगा।

** निम्नलिखित को छोड़कर-

1. चीन के मूल की 5.5 माइक्रोन से 80 माइक्रोन मोटाई वाली एल्यूमीनियम फॉइल।
2. अलु अलु लैमिनेट
3. अल्ट्रा-लाइट गेज कन्वर्टिड
4. एल्युमिनियम फॉयल कंपोजिट
5. 500 मिमी से कम चौड़ाई वाले कैपेसिटर के लिए एल्युमिनियम फ़ॉइल
6. उत्कीर्ण या निर्मित एल्युमिनियम फॉइल
7. एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल
8. संगत गैर-क्लैड एल्युमिनियम फ़ॉइल से क्लैड - संगत गैर-क्लैड एल्युमिनियम फ़ॉइल से क्लैड एक संक्षारण-रोधी एल्युमिनियम शीट है, जो उच्च-सामर्थ्य एल्युमिनियम मिश्रधातु कोर सामग्री से धात्विकी रूप से बंधित एल्युमिनियम सतह परतों से बनी होती है, जिसका उपयोग

ऑटोमोटिव उद्योग तथा औद्योगिक अनुप्रयोगों में इंजन शीतलन एवं वातानुकूलन प्रणालियों; जैसे रेडिएटर, कंडेंसर, इवैपोरेटर, इंटरकूलर, ऑयल कूलर एवं हीटर में होता है।

9. बीयर की बोतल के लिए एल्युमिनियम फॉयल

10. एल्युमीनियम-मैंगनीज-सिलिकॉन आधारित और/या क्लैड एल्युमीनियम-मैंगनीज-सिलिकॉन आधारित मिश्र धातु, चाहे क्लैड हो या अनक्लैड

11. चिपकने वाले टेप

12. रंग लेपित एल्यूमीनियम फॉइल

13. पॉलीयुरेथेन-लेपित एल्यूमीनियम फॉइल- एक तरफ या दोनों तरफ, रंग, आकार अथवा लेपन पर ध्यान दिए बिना।

183. उपर्युक्त शुल्क तालिका में उल्लिखित कंपनियों के लिए विनिर्दिष्ट व्यक्तिगत शुल्क दरों का प्रयोग, सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष एक वैध वाणिज्यिक बीजक प्रस्तुत किए जाने पर सशर्त होगा, जिस पर ऐसा बीजक जारी करने वाली इकाई के किसी अधिकारी द्वारा, जो अपने नाम एवं पदनाम से पहचाना गया हो, दिनांकित एवं हस्ताक्षरित एक घोषणा, निम्नानुसार अंकित होगी:

'मैं, अधोहस्ताक्षरी, प्रमाणित करता हूं कि इस बीजक द्वारा आच्छादित भारत को निर्यात हेतु बेची गई (मात्रा) '80 माइक्रोन और उससे कम एल्यूमीनियम फॉइल' का विनिर्माण (कंपनी का नाम एवं पता) द्वारा चीन जन.गण./थाईलैंड/मलेशिया/इंडोनेशिया में किया गया था। मैं घोषणा करता हूं कि इस बीजक में प्रदान की गई सूचना संपूर्ण एवं सही है।'

184. यदि ऐसा कोई बीजक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अन्य सभी दरों पर लागू शुल्क लागू होगा। यह अपेक्षा, लागू सीमा शुल्क विधि एवं विनियमों के अंतर्गत सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा स्वतंत्र रूप से किए गए सत्यापन प्रक्रियाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है।

त. आगे की प्रक्रिया

185. इन निष्कर्षों से उद्भूत केंद्र सरकार के आदेश के विरुद्ध अपील, सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975, यथा 1995 में संशोधित, के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण के समक्ष होगी।

(निर्दिष्ट प्राधिकारी)

अमिताभ कुमार

Digitally signed by
Amitabh Kumar
Date: 14-09-2026
16:18:13